www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 1 अगस्त 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-108 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

हम चीजों को वैसे नहीं देखते जैसे वे हैं, लेकिन हम चीजों को वैसे ही देखते हैं जैसे हम हैं।

आज बेबाक

कहते है ना कि जो आधी को छोड़कर पूरी के पीछे भागता है वह आधी से भी हाथ धो लेता है। यूपी के बड़बोले नेता ओमप्रकाश राजभर का भी यही हाल हुआ है। भाजपा से गठबंधन तोड़कर सपा से नाता जोड़ा लेकिन सायकल पंचर हो गई। अब सपा को छोड़कर वे भाजपा या बसपा के साथ जुगलबंदी करने की कवायद कर रहे हैं। मायावती ने उनके लिए नो-एंट्री का बोर्ड लगा दिया है। भाजपा भी उन्हें घास डालने के लिए तैयार नहीं है। कुल मिलकार ओमप्रकाश राजभर डेढ़ होशियारी दिखाने के चक्कर में घर के रहे ना घाट के।

सूर्योदय

उदय : 5:42 प्रात:

अस्त : 7:12 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,964,313,737

भारत : 1,408,759,980

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 51,660 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 58,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.61 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	34.4	26.2
बिलासपुर	34.8	26.4
जगदलपुर	31.8	24.9
अंबिकापुर	30.7	24.0

आज का दिवस

विश्व स्तनपान दिवस: विश्व में प्रति वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह (दिवस) मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व भर की महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में बताना है। महिलाएं बदलती जीवनशैली और कामकाज में इतनी व्यस्त होती है की अपने बच्चो को स्तनपान करवाने का समय नहीं निकाल पाती है। एक नवजात शिशुओं के लिए माँ का दूध अमृत के सामान होता है। जो की बच्चे के पुरे जीवन में कुपोषण व अतिसार जैसी बीमारियों से रक्षा करता है।विश्व स्तनपान दिवस या सप्ताह को बढ़ावा देकर विश्व भर में बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। विश्व के हर एक महिला को बच्चे को जन्म से 6 महीने तक केवल अपना ही दूध पिलाना चाहिए। माँ का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। बच्चे को स्तनपान कराने से माँ का प्रसव के बाद होने वाले रक्त स्राव को रुक जाता है जिससे माँ में खून की कमी होने का खतरा कम हो जाता है। बच्चे को स्तनपान कराने से विश्व की अधिकतर माँ को मोटापे की शिकायत नहीं होती।

विधिक शिक्षा के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है छग : सीजेआई एनवी रमणा

■ **हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए सीएम**

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति एनवी रमणा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ज्यूडिशियल कम्यूनिटी के बजट और अधोसंरचना संबंधित सभी आवश्यकताओं का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये ट्रेंड इसी तरह जारी रहेगा और छत्तीसगढ़ ज्यूडिशियरी को सर्वोत्तम अधोसंरचना उपलब्ध कराने में अग्रणी राज्य बनकर उभरेगा। मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति एनवी रमणा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ में विधिक शिक्षा के विकास में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता को गुड गवर्नेंस प्रदान करने उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति एनवी रमणा हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को सीएम ने किया सम्मानित

दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के जर्नल लॉ एंड सोशल साइंस के छठें संस्करण का विमोचन करते हुए गोल्ड मेडलिस्ट छात्रो को उपाधि वितरित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। रायपुर के हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पांचवे दीक्षांत समारोह के अवसर पर दो शोधार्थियों को डाक्टर आफफिलासाफी की उपाधि प्रदान की गयी। इसके अलावा कुल 23 छात्र छात्राओं को 66 गोल्ड मेडल के सम्मान से सम्मानित किया गया। 6 गोल्ड मेडल्स के साथ वर्ष 2020 बैच के अंकित पाल एवं 11 गोल्ड मेडल्स के साथ वर्ष 2021 बैच की पल्लवी मिश्रा ओवरआल टापर रहे।

बिजली कंपनियों के घाटे के लिए 'मुफ्त की रेवड़ियां' जिम्मेदार : मोदी

सब्सिडी कल्चर पर फिर भड़के पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के बढ़ते बकाया को एक आसन्न संकट के रूप में चिह्नित करते हुए 'वोट के लिए रेवड़ियां' संस्कृति के अपने विरोध को और तेज कर दिया। वितरण क्षेत्र के सुधारों और एनटीपीसी की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए के पैकेज की शुरुआत करते हुए उन्होंने बताया कि डिस्कॉम का उत्पादन कंपनियों पर 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है, क्योंकि उन्हें सब्सिडी नहीं मिली है। वहीं, सरकारी विभागों और स्थानीय निकाय के बिजली बिल का भी भुगतान नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत का बिजली क्षेत्र का घाटा दोहरे अंकों में है जबकि विकसित देश इसे एकल अंक में रखने में कामयाब रहे हैं। वितरण क्षेत्र के सुधारों के लिए एक पैकेज और नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को लॉन्च करते हुए उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि हम बहुत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बढ़ रहा है भारतीय खिलौनों का निर्यात : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में निर्मित खिलौनों को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि परंपरागत भारतीय खिलौनों का निर्यात बढ़ रहा है। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 91 वें संस्करण में कहा कि भारत के पास खिलौना निर्यात में शक्तिपुंज बनने की पूरी क्षमता है। भारत के स्थानीय खिलौने - परंपरा और प्रकृति, दोनों के अनुरूप और पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स की बदौलत भारतीय खिलौनों की गूंज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत में विदेश से आने वाले खिलौनों की संख्या, लगातार कम हो रही है। पहले जहां तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के खिलौने बाहर से आते थे, वहीं अब इनका आयात 70 प्रतिशत तक घट गया है। इसी दौरान, भारत ने, 2600 करोड़ रुपए से अधिक के खिलौनों को विदेशों में निर्यात किया है, जबकि पहले, 300-400 करोड़ रुपए के खिलौने ही भारत से बाहर जाते थे।

श्री मोदी ने कहा, ये सब, कोरोना काल में हुआ है। भारत के खिलौना क्षेत्र ने खुद को परिवर्तित करके दिखा दिया है। भारतीय उद्योग अब, भारतीय संस्कृति, इतिहास और पौराणिक कथाओं पर आधारित खिलौने बना रहे हैं। देश में जगह-जगह खिलौनों के जो संकुल हैं।

ईडी ने संजय राउत को हिरासत में लिया, पात्रा चॉल मामले में पूछताछ

पूछताछ के लिए पेश होने से किया था इनकार

बता दें कि इस मामले में ईडी ने संजय राउत को समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुआ थे। मामला 1034 करोड़ के पात्रा चॉल लैंड स्कैम से जुड़ा है। संजय राउत ने संसद के मानसून सत्र का हवाला देते हुए पूछताछ के लिए पेश होने से इनकार कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर हिम्मत है तो एजेंसी उन्हें गिरफ्तार कर ले। सुबह संजय राउत ने भी ट्वीट कर कहा था, झूठी कार्रवाई, झूठा सबूत, मैं शिवसेना नहीं छोड़ूंगा, मैं मर भी जाऊं तो सरेंडर नहीं करूंगा, जय महाराष्ट्र, महाराष्ट्र और शिवसेना की लड़ाई जारी है।

मुंबई (ए.)। ईडी ने संजय राउत को हिरासत में ले लिया है। आज सुबह 7 बजे से ही ईडी की टीम छापेमारी कर रही थी। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम संजय राउत को लेकर दफ्तर ले जाएगी और वहां पूछताछ होगी। ईडी तीन जगहों पर आज छापेमारी कर रही थी और दस्तावेज खंगाल रही थी।

बता दें कि इस मामले में ईडी ने संजय राउत को समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुआ थे। मामला 1034 करोड़ के पात्रा चॉल लैंड स्कैम से जुड़ा है। संजय राउत ने संसद के मानसून सत्र का हवाला देते हुए पूछताछ के लिए पेश होने से इनकार कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर हिम्मत है तो एजेंसी उन्हें गिरफ्तार कर ले। ईडी ने इसी डीएचएफएल-येस बैंक के मामले में पुणे के कारोबारी अविनास भोसले को हिरासत में लिया है। इस मामले में भी ईडी संजय राउत से भी पूछताछ करना चाहती है। दावा किया जा रहा हैकि डीएचएफएल केस भी पात्रा चॉल केस से जुड़ा हुआ है। अप्रैल में ईडी ने संजय राउत से जुड़ी 11.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली थी।

कैश के साथ तीन कांग्रेसी विधायक गिरफ्तार, पार्टी से निष्कासित

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल में भारी मात्रा में कैश के साथ गिरफ्तार झारखंड के तीनों विधायकों को आज गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई हावड़ा में अंजाम दी गई है। तीनों विधायकों के साथ उनके ड्राइवर और एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि इन तीनों विधायकों को कल रात हावड़ा में उस वक्त हिरासत में लिया गया था, जब यह भारी मात्रा में कैश लेकर जा रहे थे। इसके बाद से इन्हें लगातार हिरासत में रखा गया था। वहीं रविवार को कांग्रेस ने इन विधायकों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। यह तीनों हैं रांची के खिजरी से विधायक राजेश कच्छप, कोंगारी सिमडेगा के कोलेबिरा से विधायक नमन विक्सेल और विधायक इरफान अंसारी शामिल हैं। हावड़ा रूरल की एसपी स्वाति भंगालिया ने इस मामले की जानकारी दी है।

लालरिनुंगा जेरेमी ने इतिहास रचते हुए जीता गोल्ड मेडल

नई दिल्ली (ए.)। बर्मिंघम में जारी कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के दूसरे दिन भारतीय वेटलिफ्टर लालरिनुंगा जेरेमी ने पुरुषों के 67केजी वर्ग में रिकॉर्ड वजन उठाते हुए गोल्ड मडेल पर कब्जा किया। स्नेच में जेरेमी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में नया रिकॉर्ड स्थापित करते हुए 140केजी वजन उठाया, वहीं क्लीन एंड जर्क में वह 160 केजी वजन के साथ कुल 300केजी वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स में अपनी कैटेगिरी में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। भारत

भारत का वेटलिफ्टिंग में 5वां मेडल



का यह वेटलिफ्टिंग में तीसरा रजत तो कुल 5वां मेडल है। लालरिनुंगा जेरेमी से पहले संकेत सरगर (रजत), गुरुराज पुजारी (कांस्य), मीराबाई चानू (गोल्ड) और बिंद्यारानी देवी (रजत) ने भारत की झोली में मेडल डाले थे।

बात जेरेमी के मुकाबले की करें तो स्नेच में उन्होंने अपने पहले प्रसाय में 136द्मद्द वजन उठाया, वहीं दूसरे प्रयास में उन्होंने 140 केजी वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स में 67केजी वर्ग में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। तीसरे प्रयास में उन्होंने 143 केजी वजन उठाने की कोशिश की मगर वह असफल रहे। स्नेच में वह दूसरे नंबर पर चल रहे नाइजीरिया के खिलाड़ी से 10केजी आगे थे।

क्लीन एंड जर्क में जेरेमी ने अपने पहले प्रयास में 154द्मद्द वजन उठाया और इस दौरान वह चोटिल भी हो गए थे। अपने पहले ही प्रयास में उन्होंने कुल 294द्मद्द वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स में नया रिकॉर्ड बनाया। अपने दूसरे प्रयास में इस भारतीय वेट लिफ्टर ने चोटिल होने के बावजूद 160 केजी वजन उठाकर सबको हैरान कर दिया।

6 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

आईएसआईएस के 13 संदिग्ध ठिकानों पर घंटों से छानबीन जारी, कई हिरासत में

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 6 राज्यों में 13 अलग-अलग जगहों पर आज छापा मारा है। यह छापेमारी आईएसआईएस से जुड़ी संदिग्ध गतिविधियों को लेकर चल रही है। एनआईए ने जिन राज्यों में रेड डाली उनमें मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। एजेंसी ने मध्य प्रदेश के भोपाल-रायसेन, गुजरात के भरूच-सूरत-नवसारी-अहमदाबाद, बिहार के अररिया, कर्नाटक के भटकल-टुंकुर, महाराष्ट्र के कोल्हापुर-नांदेड़ और उत्तर प्रदेश में देवबंद जिले छापेमारी जारी है।

बीते कई घंटों से चल रही छापेमारी में एनआईए की टीम पूरे घर की तलाशी ले रही है और सभी चीजों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक कई लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। इलाके में भारी सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। अब तक की तलाशी में आपत्तिजनक दस्तावेज/सामग्रियां बरामद हुई हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

लोकप्रिय गायिका निर्मला का निधन

कोलकाता (वार्ता)। लोकप्रिय उड़िया एवं बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा का रविवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 81 वर्ष की थी। उनके परिवार में पति और पुत्र हैं। उन्हें वर्ष 2015 में मस्तिष्काघात हुआ था, जिसके बाद वह घर में ही बिस्तर पर थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गायिका के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है।सुश्री बनर्जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुश्री निर्मला का निधन संगीत जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। राज्य सरकार ने गायिका के आज अंतिम संस्कार से पहले उनके पार्थिव शरीर को महानगर के सांस्कृतिक केंद्र रवींद्र सदन परिसर में लोगों के दर्शन के लिए रखने की व्यवस्था की।

वर्ष 1938 में तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी के 24 परगना जिले में जन्मी सुश्री निर्मला को उड़िया संगीत में उनके योगदान के लिए संगीत सुधाकर बालकृष्ण दास पुरस्कार मिला।

अब अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाए पाकिस्तान के आर्मी चीफ, आईएमएफ से कर्ज की मांग

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान के हुक्मरान भले ही पाकिस्तान के ऊपर चल रहे संकट को खुलकर स्वीकार नहीं कर रहे हैं लेकिन सच्चाई कुछ और है। भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने अब मोर्चा संभाला है। इसी कड़ी में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 1.7 अरब डॉलर की अहम किश्त जल्द से जल्द जारी कराने के लिए अमेरिका से मदद मांगी है।

सेना प्रमुख द्वारा अपील किया जाना दुर्लभ

दरअसल, न्यूज एजेंसी एपी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जनरल कमर जावेद बाजवा ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शरमन के साथ इस मामले पर चर्चा की और अमेरिका से पाकिस्तान की मदद के लिए आईएमएफमें अपने प्रभाव का उपयोग करने की अपील की है। सेना प्रमुख द्वारा इस तरह की अपील किया जाना दुर्लभ है। मुख्य रूप से अफगानिस्तान के मुद्दे के कारण अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में हालिया वर्षों में तनाव पैदा हो गया है।

इमरान के कार्यकाल में तनावपूर्ण रहे संबंध: रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे। इमरान खान को अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव के बाद सत्ता से बाहर कर दिया गया था।

गरमा-गरम

अमेरिकी पुरुष से ऑनलाइन शादी कर पाएगी भारतीय महिला, मद्रास हाईकोर्ट ने दी मंजूरी

चेन्नई (ए.)। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने ऑनलाइन शादी को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद तमिलनाडु की महिला भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक से डिजिटल माध्यम से शादी करने को तैयार है।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने एक रिट याचिका पर सुनवाई के बाद कहा कि विवाह का अधिकार एक मौलिक मानव अधिकार है और विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 12 और 13 का निर्माण इस प्रकार किया जाना चाहिए ताकि इस अधिकार को प्रभावी बनाया जा सके।

याचिका में याचिकाकर्ता वासमी सुदर्शिनी पीएन ने प्रतिवादी उप-रजिस्ट्रार, कन्याकुमारी को राहुल एल. मधु के साथ अपनी शादी को ऑनलाइन संपन्न कराने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालतत ने कहा, 'अधिनियम की धारा 12 (2) में कहा गया है कि विवाह किसी भी रूप में किया जा सकता है जिसका दोनों पक्ष चयन कर सकते हैं। चूंकि कानून को प्रौद्योगिकी की रफ्तार के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है, इसलिए यहां विवाह में शामिल पक्षों की पसंद कानूनी रूप से जरूरी है। उन्होंने अपील की कि शादी को विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत पंजीकृत किया जाए और विवाह प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने लश्कर के दो हाइब्रिड आतंकियों को पकड़ा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इन दहशतगर्दों के पास से दो पिस्तौल, पिस्तौल की दो मैगजीन और 11 कारतूस भी बरामद हुई हैं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, 'सोपोर (बारामूला जिले) में पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।'

प्रवक्ता के मुताबिक, आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना के आधार पर हादीपोरा-रफियाबाद में सुरक्षा बलों की ओर से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे ने कहा- यह राजनीतिक साजिश

मुंबई (ए.)। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडेय ने दिल्ली की एक अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। उन्हें एनएसई फोन टैपिंग केस में गिरफ्तार किया गया था। पांडे ने कहा, मैंने बहुत सारे हाई प्रोफाइल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों की पड़ताल की है। मुझे पता है कि ईमानदारी से ड्यूटी करने के एवज में यह एक राजनीतिक साजिश है जो कि मेरे खिलाफ की गई है।

पांडेय ने कहा, जिस अपराध के बारे में कहा जा रहा है कि 2009 से 2017 के बीच में किया गया। उसकी जांच अब 2022 में हो रही है। साफ पता चलता है कि यह राजनीति से प्रेरित साजिश है। पांडेय की जमानत याचिका में कहा गया है कि जिस घटनाक्रम को लेकर उनको गिरफ्तार किया गया है वह आज से 13 साल पहले शुरू हुआ था और पांच साल पहले खत्म हो गयाा। संजय पांडेय की तरफ से उनके वकील आदित्य वाधवाऔर ऐडवोकेट सिद्धार्थ सुनील ने जमानत याचिका फाइल की है। उन्होंने याचिका में कहा है कि जो एफआईआर दर्ज की गई है उससे कई तरह के संदेह खड़े होते हैं। ऐसा लगता है कि याचिकाकर्ता संजय पांडेय की कोई गलती नहीं है बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से यह केस दर्ज किया गया है।

संपादकीय

बंगाल में भर्ती महाघोटाला

बंगाल के तात्कालीन शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी ईडी के निशाने पर आ गए है। उनके कार्यकाल में शिक्षा विभाग में नियुक्ति के नाम पर महाघोटाला हुआ था। जिसकी अब पड़ताल हो रही है। कुछ लड़कियों ने इस भर्ती घोटाले की शिकायत की थी लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस बीच ममता बनर्जी फिर से बंगाल की मुख्यमंत्री बन गई और पार्थ चटर्जी शिक्षामंत्री की जगह उद्योग और वाणिज्य मंत्री बन गए। लेकिन उनकी कारगुजारियों की पोल आखिरकार खुल ही गई और ईडी ने उनकी एक महिला मित्र के घर छापा मारा कर 50 करोड़ नकद तथा लाखों के गहने व विदेशी मुद्रा जप्त की है। पार्थ चटर्जी ईडी की हिरासत में है और ईडी उनके अन्य ठीकानों पर भी छापामार कार्यवाही कर रही है। जांच में नित्य नए चौकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। यह भी पता चला है कि पार्थ चटर्जी की लगभग आधा दर्जन और महिला मित्र है वे भी अब ईडी के रडार पर आ गई है। भ्रष्टाचार से अर्जित करोड़ो की संपत्ति बांग्लादेश और मलेशिया में भी पाई जा सकती है! ईडी इसकी भी जांच कर रही है। इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्थ चटर्जी को मंत्री मंडले से बर्खास्त कर दिया गया है। यहीं नहीं बल्कि उन्हें तृणमुल कांग्रेस के सभी पदों से भी हटा दिया गया है। गौरतलब है कि जब पार्थ चटर्जी को ईडी ने हिरासत में लिया था तो उन्होंने सबसे पहले ममता बनर्जी को ही फोन लगाया था। लेकिन उन्होंने उनका फोन नहीं उठाया। इसके बाद से ही यह स्पष्ट हो गया था कि ममता बनर्जी पार्थ चटर्जी को बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। यह दीदी के स्वभाव के विपरित है। पूर्व में जब तृणमुल कांग्रेस के अन्य नेताओं और नौकरशाहों पर केन्द्रीय एजेंसियों ने शिंकजा कसा था तो ममता बनर्जी बिफर गई थी और अपने आरोपी नेताओं व नौकरशाहों के बचाव के लिए सीबीआई दफ्तर में ही धरना दे दिया था। लेकिन इस बार उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपी अपने मंत्री पार्थ चटर्जी को दूध में पड़ी मक्खी की तरह निकाल फेंका है। इसका मतलब साफ है कि ममता बनर्जी को अब अपने और भतीजे की ज्यादा चिंता है जो ईडी के निशाने पर है। बहरहाल इस घटना के बाद बंगाल में बवाल खड़ा हो गया है और ममता बनर्जी की कुर्सी भी खतरे में नजर आ रही है। ममता बनर्जी इसके पहले तक खुद को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का सपना देख रही थी और खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बता रही थी लेकिन बंगाल में भर्ती महाघोटाले का पर्दापाश होने के बाद अब उनकी अपनी सरकार ही खतरे में पड़ गई है। यही वजह है कि हमेशा आक्रामक तेवर दिखाने वाली ममता बनर्जी के सुर बदल गए है। इसके बाद भी वे आसानी से आत्मसमर्पन नहीं करेगी। वे जरूर एक बार फिर केन्द्रीय एजेंसियों के खिलाफ मोर्चा खोंलेगी लेकिन ऐसा कर के वे खुद को और अपने भतीजे को बचाने में कितनी सफल होगी यह देखना दिलचस्प होगा। खबर है कि ममता बनर्जी अपनी इसी मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली दौरा करने वाली है जहां वे विपक्ष के उन नेताओं से संपर्क करेंगी जिनके खिलाफ ईडी ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसमें नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, महाराष्ट्र के उद्धव ठाकरे, शरद पवार और अन्य नेता शामिल है। ये सब मिलकर निश्चित रूप से केन्द्रीय एजेंसियों पर आक्षेप लगाऐंगे। लेकिन उनकी यह कोशिश शायद ही कामयाब हो क्योंकि ईडी को सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही एक तरह से क्लीन चिट दे दी है। इसके बाद भी यदि ईडी के निशाने पर आए विपक्ष के नेता शोर मचाते है तो उसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

खेतों के रक्षक-किसानों के मित्र सर्प

विजय मिश्रा 'अमित'

भारत वर्ष में तंजौर (आन्ध्रप्रदेश) ऐसे धंधो के लिए मशहूर है। सर्पो के खाल से बैग, बेल्ट, पर्स,सेंडिल तथा विष से ओषधियां निर्मित की जाती है।1974 में बने कानून के मुताबिक ऐसे कृत अपराध की श्रेणी में आते है।इसे नजर अंदाज करते हुए आस्तीन के सांप बने कुछ लोग चंद रूपयों के लालच में सर्पो की बेरहमी से हत्या करते है।ऐसी स्थित रही तो सांपों का अस्तिव समाप्त हो जायेगा,जो कि अनेक दृष्टि से सृष्टि के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए सांपो के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने का संकल्प नाग पंचमी पर लें लें। सदैव स्मरण रखें सांपो की दुनिया की सुरक्षा मानव समुदाय की सुरक्षा है।

पर्वों की विविधता भी भारत की विशेष पहचान है। यहां के अधिकांस पर्व प्रकृति और प्राणियों से सम्बद्ध हैं, तथा मानव समुदाय को इनके भक्षक होने के बजाय संरक्षक बनने का संदेश देते हैं।ऐसे ही पर्वों में से एक पर्व नागपंचमी भी है।प्रति वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नांग पंचमी का पर्व देशभर में मनाया जाता है। इस पर्व पर नाग सांपों की पूजन की परम्परा है। सर्पों के प्रति संवेदना दयालुता को बनाये रखने का संदेश यह पर्व देता है।अनाज एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सर्पों का बड़ा योगदान होता है।इस हेतु कृतज्ञता के भाव व्यक्त करने की दृष्टि से ही नागपंचमी का पर्व मनाने की प्रथा प्रारंभ हुई।नागपूजन की परम्परा अत्यंत प्राचीन है इसे मनाने के पीछे अनेक कथाएं प्रचलित हैं। नागपंचमी पर सर्प पूजने की परम्परा भारत के अलावा अन्य देशों में भी प्रचलित है।

अप्रत्यक्ष अन्नदाता भी हैं सांप

वेद ग्रंथों के साथ साथ वैज्ञानिक तथ्य भी इस बात की पुष्टि करते है कि सर्पो की उत्पत्ति मानव समुदाय को हानि पहुंचाने के लिए नहीं हुई है।अनेक दृष्टि से सर्पो को मानव जाति के लिए जीवनदाता की श्रेणी में रखा गया है।सर्पो की उपादेयता की जानकारी के अभाव में तथा जहरीले सर्पो के भय से मानव समुदाय सांपो को अपना दुश्मन मानता आया है, जबकि वैज्ञानिक तथ्य बार-बार इस बात को व्यक्त करते है कि सर्प मानव के लिए दुश्मन से कहीं ज्यादा दोस्त है। किसी इंसान के समक्ष अचानक आ जाने पर अपने बचाव के लिए ही सर्प उसे काटते है अन्यथा सांपों की प्रवृत्ति एकांत में रहने की ही है।

मानव समुदाय के लिए सांप मित्र कैसे होते हैं? इसे कृषि वैज्ञानिकों ने तार्किक ढंग से सिद्ध किया गया है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है।यहां खेत एवं उपज को नुकसान पहुंचाने वाले चूहे एवं अन्य कीड़े-मकोड़े आदि का भक्षण कर सांप फसलों की रक्षा करते है।इन अर्थो में देखे तो अप्रत्यक्ष रूप से सांप हमारे अन्नदाता हुए,क्योंकि वे अन्न को नुकसान पहुंचाने वाले जीवों को खा जाते है। पर्यावरण संतुलन में भी इनकी भूमिका होती है।

खेतों के रक्षक किसान मित्र

आषाढ़ और सावन माह में सर्प जाति की सक्रियता बढ़ जाती है। दरअसल बारिश के मौसम में सर्पो के प्राकृतिक आवास जैसे कि बिल, पेड़ों के खोह बरसाती पानी भर जाने के कारण नष्ट हो जाते है। ऐसी परिस्थिति में सांप वहां रह

नहीं पाते और बेघर होकर बाहर निकलते हैं,जोकि एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।यही वजह है कि सर्प दंश की ज्यादातर घटनाएं वर्षाकाल में ही होती है। सर्प किसी मानव की हत्या के इरादे से वर्षाकाल में निकलते है, ऐसी संकीर्ण सोच से मानव जाति को उबरना चाहिए। यह भी याद रखना चाहिए कि अधिकतर सांप जहरीले नहीं होते अतः देखते ही सांपों को मार डालने की प्रवृत्ति मानव समुदाय के लिए भी घातक सिद्ध होगी।

ज्यादातर सांप जहरीले नहीं होते

प्राणी वैज्ञानिकों के मुताबिक भारत में लगभग एक सौ चालीस प्रजातियों के सर्प पाए जाते हैं। जिनमें से ज्यादातर जहरीले नहीं होते। बेवजह छेड़े जाने अथवा अनायास किसी मनुष्य के निकट आ जाने पर ही खतरे का आभास होने पर अपने बचाव के लिए वे इंसानों को काटते है। भारत में पंद्रह से बीस प्रतिशत अनाज को चूहे तथा अन्य जीव बर्बाद कर देते हैं या फिर चट कर जाते हैं। विश्व स्तर पर किये गये सर्वेक्षण में पाया गया कि दुनिया भर के खाद्य पदार्थो में से पांच प्रतिशत हिस्सा चूहे हजम कर जाते है।इतने खाद्य पदार्थो से करीब दस करोड़ सेअधिक लोगों को भूखमरी से बचाया जा सकता है।अनाज के जानी दुश्मन चूहों को खाकर नष्ट करने के कारण ही सापों को खेतों के रक्षक, किसानों- मनुष्य मित्र कहलाने का हक मिला है।

सुनने में असमर्थ होते हैं सांप

सांपो के शरीर में श्रवणेन्द्रिय नहीं होते। इसीलिए वे आवाज सुनने में सक्षम नहीं होते पर भलीभांति देख -सुंघ सकते है।सांपों के कान नहीं होते। उनके कान का काम उनकी त्वचा करती है। इसी के द्वारा ही सांपों को किसी प्रकार की ध्वनि-कंपन का आभास होता है,अतः बीन की आवाज पर सांप नाचते हैं सोचना एक मिथक है। नाग सांप दूध भी नहीं पीते हैं। जैसा कि नागपंचमी के दिन दिखाया जाता है।

मित्र के शत्रु बने मानव

सृष्टि के सभी प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है।

इसमें मानव- सर्प संबंध भी शामिल है। ऐसे में एक प्राणी का लुप्त प्राय होना शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। सर्पो के बारे में यही बात लागु होती है।सर्पो के विष और खाल का व्यापार सर्प प्रजाति के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है।भारत वर्ष में तंजौर (आन्ध्रप्रदेश) ऐसे धंधो के लिए मशहूर है। सर्पो के खाल से बैग, बेल्ट, पर्स,सेंडिल तथा विष से ओषधियां निर्मित की जाती है। 1974 में बने कानून के मुताबिक ऐसे कृत अपराध की श्रेणी में आते है।इसे नजर अंदाज करते हुए आस्तीन के सांप बने कुछ लोग चंद रूपयों के लालच में सर्पो की बेरहमी से हत्या करते है। ऐसी स्थित रही तो सांपों का अस्तिव समाप्त हो जायेगा,जो कि अनेक दृष्टि से सृष्टि के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए सांपो के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने का संकल्प नाग पंचमी पर लें लें। सदैव स्मरण रखें सांपो की दुनिया की सुरक्षा मानव समुदाय की सुरक्षा है।

ईडी के एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

प्रेम शर्मा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ ईडी ने 5 हजार पेज की चार्जशीट दायर कर रखी है। यह मामला डॉन दाऊद इब्राहिम के परिवार से जमीन खरीदने से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष पीएमएलए अदालत में आरोप पत्र पेश हुआ था और मलिक को 23 फरवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था, फिलहाल वे मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। मलिक पर दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों हसीना पारकर, सलीम पटेल और सरदार खान के साथ मिलकर मुंबई के कुर्ला में संपति को हड़पने के लिए एक आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में मलिक के खिलाफभी जांच हो रही है। जुलाई में ईडी ने आप नेता और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफचार्जशीट दाखिल की है। ईडी का मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सीबीआई द्वारा 2017 की एफआईआर पर आधारित है। सीबीआई की शिकायत में कहा गया है कि जैन चार कंपनियों को मिले फंड के स्रोत के बारे में नहीं बता सके, जिसमें वह एक शेयरधारक थे।

एक समय था जब ईडी के निशाने पर आम तौर पर उद्योगपति ही रहते थे लेकिन धीरे-धीरे नेता और नौकरशाह भी उसकी जांच के दायरे में आते गए। आज ऐसे नेताओं और नौकरशाहों की गिनती करना कठिन है जो ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं इस समय पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली तक प्रवर्तन निदेशालय की चर्चा है। और इस शिकंजे में कई विपक्षी दलों के नेता हैं। नाम भी काफी बड़े-बड़े हैं, मसलन कांग्रेस की सोनिया गांधी, राहुल गांधी से लेकर बंगाल में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी, नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी के नेता सत्येन्द्र जैन से लेकर महाराष्ट्र में एनसीपी नेता अनिल देशमुख, नवाब मलिक जैसे विपक्षी दलों की लंबी फेहरिस्त है। ईडी ने जुलाई 2005 ये लेकर मार्च 2022 तक लगभग तीन हजार से अधिक तलाशी, छापेमारी और पॉच हजार के लगभग केस रजिस्टर्ड कर चुकी है। लगभग 23 मामलों में सजा भी हो चुकी है। इधर एक और चौकाने वाला आंकडा यह कि मोदी सरकार के आने के बाद ईडी काफी तेजी से कार्रवाई करती नजर आ रही है। 2016 से लेकर फरवरी 2022 तक के आकड़े इसके गवाह है।

इस अवधि में लगभग तीन हजार केस में ईडी 85,865 करोड़ की सम्पत्ति अटैच कर चुकी हैं। जिसमें अभी मंमता सरकार के मंत्री और आप सरकार के मंत्री का नाम नही शामिल है।उच्चतम न्यायालय ने प्रिवेंशन आफमनी लांड्रिंग एक्ट-पीएमएलए के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को मिले अधिकारों के खिलाफ कई नेताओं समेत अन्य लोगों की ओर से दायर दो सौ से अधिक याचिकाओं का निपटारा करते हुए जिस तरह इन अधिकारों को उचित ठहराया,

वह इस जांच एजेंसी को बल प्रदान करने और साथ ही अपनी काली कमाई को सफेद करने की कोशिश में लिप्त तत्वों को हतोत्साहित करने वाला है। ईडी को जो बल सुप्रीम कोर्ट से मिला है उसके चलते विपक्ष ही नही बल्कि सत्ता पक्ष के कतिपय सफेदपोश और काले धन के धंधे में लिप्त नौकरशाहों के लिए खतरे की घंटी है।

यह किसी से छिपा नहीं कि काले धन का काला धंधा किस तरह बढ़ता जा रहा है और इस धंधे में किस तरह नेता और नौकरशाह भी लिप्त हैं? इसका ताजा उदाहरण बंगाल के हटाए गए वरिष्ठ मंत्री पार्थ चटर्जी हैं, जिनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो फ्लैटों से करीब 50 करोड़ रुपये की नकदी के साथ सोना, विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त जमीन-जायदाद के कई दस्तावेज मिले हैं। इस समय ईडी के एक्शन की सबसे ज्यादा चर्चा बंगाल में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी पर हो रही है कार्रवाई को लेकर है। हालात ऐसे हो गए हैं कि ममता बनर्जी को अपने बेहद करीबी पार्थ चटर्जी को न केवल मंत्री पद से हटाना पड़ा है बल्कि वह पार्टी से भी निलंबित हो गए हैं। उधर नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की पूछताछ अब गांधी परिवार तक पहुंच चुकी है। ईडी पहले राहुल गांधी और अब कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ कर रही है। मामला यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की नई कंपनी और एजेएल को हुई डील का है। यंग इंडिया में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित मोतीलाल वोरा, सुमन दुबे, ऑस्कर फर्नांडिस और सैम पित्रोदा को निदेशक बनाया गया था। नई कंपनी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास 76 प्रतिशत शेयर थे जबकि बाकी के 24 प्रतिशत शेयर अन्य निदेशकों के पास थे। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने इस कंपनी को 90 करोड़ रुपए बतौर कर्ज दिया। बाद में यंग इंडिया ने एजेएल का अधिग्रहण कर लिया। जिसको लेकर मनीलांड्रिंग का केस चल रहा है।इसी तरह आईएनएक्स मीडिया केस में ईडी ने साल 2017 में पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदंबरम के बेटे कार्ती चिदंबरम के खिलाफ केस दायर किया था। जांच एजेंसियों का दावा है कि सन 2007 में जब चिदंबरम वित्त मंत्री थे तब उन्होंने पीटर मुखर्जी और इंद्राणी मुखर्जी की कंपनी आईएनएक्स मीडिया को मंजूरी दिलाई। इसके बाद कंपनी में कथित रूप से 305 करोड़ का विदेशी निवेश आया। मात्र 5 करोड़ के निवेश की अनुमति मिली थी लेकिन आईएनएक्स मीडिया में 300 करोड़ से अधिक का निवेश हुआ। आरोप है कि इस डील में चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम ने रिश्वत ली थी। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर भी ईडी ने पूरक आरोप पत्र दायर कर दिया है। मामला जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले का है। इस मामले में फारुक अब्दुल्ला और दूसरे आरोपियों से कई बार पूछताछ हो चुकी है। मामला 2002 से लेकर 2012 के बीच का है। जिस वक्त घोटाला हुआ, उस वक्त फारूक अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री थे। इस दौरान केन्द्र सरकार ने जम्मू -कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के जरिए राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिए113 करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराया गया था। लेकिन आरोप है कि उस फंड में बड़ी राशि का कहीं और इस्तेमाल किया गया।

विचार

नाग पंचमी

प्रिया देवांगन

आता है त्यौहार, पंचमी सभी मनाते।
करते पूजा पाठ, नाग को दूध पिलाते।।
आये दिन यह एक, देखने मानव तरसे।
दिख जाते हैं देव, घरों में खुशियाँ बरसे।।

देखे सब परिवार, देवता द्वार पधारे।
होगी इच्छा पूर्ण, शिवा है साथ हमारे।।
मोबाइल ले हाथ, खींचते सेल्फी सारे।
करते सोशल पोस्ट, सभी लगते हैं प्यारे।।

सावन का है माह, बिलों में भरता पानी।
रहे कहाँ हम साँप, चले कैसे जिनगानी।।
कभी दिखे गर राह, कुचल के बढ़ते आगे।
होता एक्सीडेंट, वहाँ से झटपट भागे।।

जाते हम जब द्वार, घेर कर मारे लाठी।
डाले मिट्टी तेल, वहीं कर देते काठी।।
भटक रहे हैं राह, ठोकरे हम भी खाते।
होता है जी दर्द, बता तो हम ना पाते।।

सुनो हमारी बात, डरो ना हम से मानव।
छोटे -छोटे जीव, नहीं है कोई दानव।।
सभी बचाते जान, सुरक्षा करते जैसे।
बिन मतलब नुकसान, नहीं डसते है ऐसे।।

रचनाकार
प्रिया देवांगन, राजिम
जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बढ़ो प्रगति के पथ सदा, अनुशासन

बढ़ो प्रगति के पथ सदा, अनुशासन के साथ दिखे सभ्यता काम में, बन्द भाग्य है हाथ आदर को आदर मिले, गाली को अपमान अपशब्दो को बोल के, खो दोगे सम्मान करुण हृदय में हो दया, तन मन बने उदार परहित की हो भावना, सच्चा हो व्यवहार।

शालिनी शर्मा

पानी में छपा छप करने को जी चाहता

पानी में छपा छप करने को जी चाहता है, बरखा देख बच्चा बनने को जी चाहता है, बड़े हैं तो क्या मन तो बच्चा ही है रहता - बेफिक्र हो पानी से खेलने को जी चाहता है ।

पूनम झा

खास पाती | संयोग या प्रयोग ये जनता

संयोग या प्रयोग ? ये जनता तय करें। पर एक सत्य ये भी कि ईमानदारी की पाठशाला से सियासत की शुरुआत करने वाली 'आम आदमी पार्टी' की 2 राज्यों में सरकार है। और मौजूदा वक्त में-पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री भी जेल में - दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री भी गिरफ्तार बाक़ी जो है सो है।

विजय पाण्डेय

तुम से गर हौसला नहीं पाते बोझ

तुम से गर हौसला नहीं पाते बोझ ग़म का उठा नहीं पाते क्या पढ़ाएंगे वो किसी को, जो दस से दो भी घटा नहीं पाते छीनते हैं हँसी जो औरों की वो कभी मुस्करा नहीं पाते जाम पर जाम पीते हैं तब तक ख़ुद को जब तक भुला नहीं पाते इस जहां में बिखरना तय उनका जो अना को मिटा नहीं पाते रास्ते हो गए जुदा, लेकिन ख़त तो उनके जला नहीं पाते मुश्किलें ढूँढ़ कैसे लेती हमें हम तो ख़ुद का पता नहीं पाते भर सके पेट अपने बच्चों का लोग उतना कमा नहीं पाते क़र्ज कैसे अदा करें वो अधीर सूद भी जो चुका नहीं पाते।

सुरेश पसारी

मैनें कभी नहीं देखा पुरुष

मैनें कभी नहीं देखा कि पुरुष अपने पत्नि से जबरदस्ती करवाचौथ व्रत करवाते है या पुत्र अपनी माता से जबरदस्ती जिऊतिया या छठ महाव्रत करवाते है, ये सब स्वेच्छा से होता है । रत्ना पाठक नसीरूद्दीन शाह जी को हिंदू परिवार में जा कर देखना चाहिए कि ये सभी त्योहार स्वेच्छा से किये जाते है जोर-जबरदस्ती नही ।

एड. अरूण कुमार गुप्ता

श्रावण मास और ये बरसात काश

श्रावण मास और ये बरसात काश! तू होता मेरे साथ चाय अकेली बैठ पियूं याद करूं बस तेरी बात...स्नेहसिक्त सी भावभरी तरल निगाहों की वो टकी अधरों पर स्मित स्थिर मध्य में चुस्की का उत्पात... गलबहियां, दाढ़ी की चुभन मद्धम मद्धम बहता मन लब पे लबों का झुकना, और आई पकौड़ों की तब याद... हृदय धड़कते थे इक साथ ऐसे में बरसाती रात वक्त था सोने-खोने का तुमको आई चाय की याद। **डा कविता माथुर**

खामोश हो गए हम, क्योंकि

खामोश हो गए हम, क्योंकि जिंदगी के दाव पेंच में गलत फस गए हम। यह दुनियां हम जैसों के लिए बनी ही नहीं, सरल सी रहगुजर, दिल में दर्द, कुछ उम्मीद, अपनो का साथ, रिश्तों की तपिश परिवार में ईमान, छोटे छोटे से हसीन ख्वाब..... सब कही धुंध में खो से गए। चालाकियां नही आई न वक्त पर हमे, काश हम भी थोड़े से समझदार होते! दिल कम और दिमाग ज्यादा होता।। जय माता दी। **मीनू वौहरा**

उस पे मेरा असर न हो जाए उसका

उस पे मेरा असर न हो जाए उसका दिल मेरा घर न हो जाए रात ही में सहर न हो जाए ये ख़ुशी मेरे सर न हो जाए एक खटका सा मन में रहता है ज़िंदगी मुख़्तसर न हो जाए यार दीवानगी की हद कर दी हमनवा हमसफ़र न हो जाए मेरी आवारगी के चलते ये रास्ता दर ब दर न हो जाए ज़ह्न पर हो गए हो तुम काबिज़ लोगों को ये ख़बर न हो जाए बन गया हर निगाह का मरकज़ अब शजर बे समर न हो जाए हर क़दम पर ये डर सताता है और मुश्क़िल सफ़र न हो जाए टूटने की कगार पर हूँ मैं बद्दुआ बाअसर न हो जाए इश्क़ का पाठ ठीक से पढ़ना कुछ इधर से उधर न हो जाए आगे बढ़ने की होड़ में 'अज्ञात' आदमी बेहुनर न हो जाए। **अजय अज्ञात**

QUIZ TIME

1) कवि हरिषेण किस सम्राट के संरक्षक थे?
2) मैरीकल्चर का संबंध किससे है?
3) सार्वभौमिक डाक संघ का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
4) शारदा अधिनियम के अंतर्गत लड़कियों एवं लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमश कितनी निर्धारित की गई थी?
5) संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) समुद्रगुप्त (2) समुद्री जीवों का उत्पादन (3) बर्न (स्विट्जरलैण्ड)(4) 14 और 18 (5) रुचिरा कम्बोज

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में एक अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1831- नए लंदन ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया। 1883- ग्रेट ब्रिटेन में अंतर्देशीय डाक सेवा शुरू। 1914- प्रथम विश्व युद्ध शुरू। 1916- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एनी बेसेंट ने होम रूल लीग की शुरुआत की। 1920- महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। 1920- विद्वान, गणितज्ञ, दार्शनिक और भारतीय राष्ट्रवादी नेता बाल गंगाधर तिलक का निधन। 1932- प्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेत्री मीना कुमारी का जन्म। 1953- क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को गिरफ्तार किया गया। 1953- देश में सभी एयरलाइंसों का हवाई निगम अधिनियम के तहत राष्ट्रीयकरण किया गया। 1957- नेशनल बुक ट्रस्ट की स्थापना। 1960- पाकिस्तान की राजधानी कराची से बदलकर इस्लामाबाद कर दिया गया। 1975- दुर्बा बनर्जी वाणिज्यिक यात्री विमान का संचालन करने वाली विश्व की पहली पेशेवर महिला पायलट बनीं। 1995- हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की। 2000- ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध शायर अली सरदार जाफरी का निधन। 2004- श्रीलंका ने भारत को हराकर क्रिकेट का एशिया कप जीता। 2006- जापान ने दुनिया की पहली भूकम्प पूर्व चेतावनी सेवा शुरू की। 2007- वियतनाम के हनोई शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में भारतीय दल के छह सदस्यों ने तीन रजत पदक जीते।

■ न्यूज गैलरी

बिल्हा पुलिस ने शराब बेचने वालों को दी समझाइश

बिल्हा। थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा व बिल्हा पुलिस स्टाफ के द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम ताला गांव में महिला समुह के द्वारा शराब बेचने की शिकायत वाले व्यक्तियों को शराब नही बेचने के संबंध में समझाईस दी गई। साथ ही महिला समुह व ग्राम के उपस्थित ग्रामिणों को महिला व बाल सुरक्षा और अधिकार, महिलाओ के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर बनने व महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध निडरता से आवाज उठाने प्रेरित कर उनकी हौसला अफ्जाई किया गया।

मोहनलाल सुखड़िया के प्रतिष्ठित व्याख्यान में मुख्य वक्ता होंगे कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी

बिलासपुर। मोहनलाल सुखड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में 1 अगस्त सोमवार को मोहनलाल सुखड़िया स्मृति व्याख्यान आयोजित होगा। जिसमें अटल बिहारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी बतौर मुख्य वक्ता आध्यात्मिक राजनीति पर अपना वक्तव्य देंगे। प्रो. वाजपेयी का आध्यात्म विषय पर विशद अध्ययन है। जो उनकी किताबों और उनके वक्तव्यों में भी झलकता है। प्रो. वाजपेयी आध्यात्मिक राष्ट्रवाद और उसके विभिन्न आयामों पर किताब लेखन का कार्य भी कर चुके हैं। प्रो. वाजपेयी कहते हैं कि भारतवर्ष की समस्त पूंजी उसकी आध्यात्मिक संपदा है। आत्मा की विशेषताओं को जीवन में लाने अथवा आचरण में लाने की प्रक्रिया ही आध्यात्मिकता है। इसके लिए जरूरी है कि व्यक्ति आत्मा की सत्ता पर ही नहीं, बल्कि उसके आयामों पर भी विश्वास करें। जीवन में प्रदर्शन, नाटक और आडंबर व्यक्ति को आध्यात्मिकता से दूर लेकर जाते हैं। मोहनलाल सुखड़िया स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम में राजस्थान स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल, जयपुर के वॉइस चेयरमैन प्रो. दरियांव सिंह चुण्डावत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे तो वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल सुखड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति प्रो. आई.वी. त्रिवेदी करेंगे। कार्यक्रम मोहनलाल सुखड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के बप्पा रावल स्वर्ण जयंती अतिथि गृह के संगोष्ठी सभागार में सोमवार, पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होगी।

बिलासपुर कोयला ट्रांसपोर्टर की आलमारी से 1.45 लाख गायब

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोयला ट्रांसपोर्टर के मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे एक लाख 45 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का अपराध दर्ज किया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिफरा के रामावर्ल्ड में रहने वाले संस्कार बंसल पिता प्रमोद कुमार अपने चाचा कमल केजरीवाल के साथ ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। चाचा कमज केजरीवाल ने अपने बैंक खाता से तीन लाख 50 हजार रुपये निकाले थे। उन्होंने र्स्पये को संस्कार बंसल को घर में रखने के लिए दे दिए। संस्कार ने रकम को आलमारी के लाकर में रखकर चाबी तकिया के नीचे रख दी थी। सात जुलाई को र्स्पये की जरूरत पड़ने पर उन्होंने आलमारी से दो लाख पांच हजार रुपये निकालकर अपने चाचा कमल केजरीवाल को दे दिए। आलमारी को बंदकर चाबी को तकिया के नीचे फिर से रखे थे। नौ जुलाई की सुबह आठ बजे रुपये आवश्यकता होने पर चाचा कमल केजरीवाल ने आलमारी को खोलकर देखा तो एक लाख 45 हजार र्स्पये गायब थे। पीड़ित ने अपने घर पर काम करने वाले कर्मचारी और उसके भांजे पर चोरी का संदेह जताया है।

भ्रष्टाचार में फंसे बिलासपुर निगम के कार्यपालन अभियंता

■ **ट्रांसपोर्टर की शिकायत-पत्नी व रिश्तेदारों के नाम फार्म हाउस, मकान-दुकान सहित अरबों की संपत्ति, एसीबी ने शुरू की जांच**

हर एक जमीन का दिया है राजस्व रिकार्ड

शिकायतकर्ता ने ईई पीके पंचायती और उनसे संबंधित रिश्तेदारों के मकान, फार्म हाउस, जमीन, प्लाट, दुकान और आवासीय कॉम्प्लेक्स का पूरा राजस्व रिकार्ड एकत्र किया है। इसमें बाकायदा एक-एक जमीन का खसरा नंबर भी प्रस्तुत किया है। आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी व मां के नाम पर शहर में मकान, फार्म हाउस, दुकान और प्लाट के साथ ही जमीन भी खरीदी है। बिलासपुर के साथ ही रायपुर और इंदौर की भी संपत्ति का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर नगर निगम में पदस्थ कार्यपालन अभियंता (ईई) पीके पंचायती आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी की राडार पर आ गए हैं। भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद एसीबी ने जांच शुरू कर दी है। कार्यपालन अभियंता पंचायती के खिलाफ शहर के ट्रांसपोर्टर ने शिकायत की है। इसमें अफसर की पत्नी, मां और अन्य रिश्तेदारों के नाम से खरीदी गई फार्म हाउस, प्लाट, मकान, दुकान की जानकारी देते हुए दस्तावेज भी सौंपे हैं।

एसीबी को सौंपे दस्तावेजों में बताया गया है कि 57 साल के पीके पंचायती नगर निगम के कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पहली नियुक्ति नगर निगम में 10 फरवरी 1986 सब इंजीनियर के पद पर हुई थी। इसके बाद 10 जून 1990 को असिस्टेंट इंजीनियर बने। फिर 20 मार्च 2002 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में तीन साल प्रतिनियुक्ति पर रहे। 24 फरवरी 2017 को कार्यपालन अभियंता के पद पर नगर पालिका निगम में वापस आ गए।

वर्तमान में प्रभारी अधिकारी अमृत मिशन के साथ आईएचएसडीपी आवास , विभिन्न योजनाओं के नोडल अधिकारी, स्मार्ट सीटी के मैनेजर जैसी जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। आरोप है कि 35 साल की सेवा में सभी मलाईदार पद पर रहते हुए विभाग में भ्रष्टाचार कर अरबों रुपए की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। ऐसे में दस्तावेजों के आधार पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1968 की 13 (1) बी , 13 (2) के तहत केस दर्ज करने की मांग की है।

10 दिन बाद आज से सरकारी कार्यालयों में शुरू होगा कामकाज

बिलासपुर/नवप्रदेश। कर्मचारियों की हड़ताल के 10 दिन बाद सोमवार से सरकारी कार्यालयों में कामकाज शुरू होगा। जाहिर है कार्यालयों में रौनक लौटेगी। इसके साथ ही कामकाज के सिलसिले में ग्रामीणों की भीड़ भी नजर आएगी। केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित फाइलें भी सरकती दिखाई देंगी। केंद्र के समान भाड़ा और गृह भाड़ा की मांग को लेकर प्रदेशभर में कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर सड़क पर आ गए थे। फेडरेशन के साथ ही शिक्षकों ने भी मोर्चा खोल दिया था। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रभावी ढंग से आंदोलन करने के बाद कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया है।

इसी के तहत सोमवार से कर्मचारी सरकारी कार्यालयों में काम करते दिखाई देंगे। हड़ताल के लंबा खिंच जाने के कारण लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। खासकर छात्रों व पालकों को कुछ ज्यादा ही परेशानी हुई। जाति व आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगातार भटकना पड़ा। तहसील कार्यालय से लेकर अन्य विभागों में कामकाज ठप होने के कारण जाति व आय सहित जरूरी प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। सोमवार से जाति व आय व निवास प्रमाण पत्र बनवाने वालों की भीड़ तहसील कार्यालय में नजर आएगी। इसके अलावा खाद के लिए भटक रहे किसान भी दिखाई दें तो अचरज की बात नहीं है।

ई-केवाइसी का 31 तक था आखिरी दिन

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राही किसानों को सम्मान निधि के लिए केंद्र सरकार ने ई केवाइसी कराने की शर्त रख दी है। बिना ई केवाइसी के हितग्राही किसानों को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 31 जुलाई की तिथि तय की है। कर्मचारियों के हड़ताल के कारण बड़ी संख्या में किसानों ने ई केवाईसी नहीं कराया है। आज आखिरी दिन होने के कारण आशंका जताई जा रही है कि किसान पीएम किसान सम्मान निधि की एक किस्त से वंचित हो जाएंगे।

हालांकि केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि ई केवाइसी कराने के बाद किसानों को सम्मान निधि की राशि उनके बैंक खाते में मिलेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो बिलासपुर और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में 65 हजार 216 किसानों ने ई केवाइसी नहीं कराया है। आशंका जताई जा रही है कि ये किसान इस बार के किस्त से वंचित हो जाएंगे।

ईपीएफ की राशि में गबन, हमाल समिति ने पुलिस से की शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईपीएफकी राशि में गबन करने का आरोप लगाते हुए हमल मजदूर कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने तोरवा थाने का घेराव किया। थाना प्रभारी फैजुल शाह को ज्ञापन सौंपकर पूर्व अध्यक्ष और समिति के महामंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हमल मजदूर कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत में बताया कि लिंगियाडीह, देवरीखुर्द और तिफरा के हमाल मजदूर के ईपीएफ की राशि का गबन किया गया है।

पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री ने 2010 से 2016 तक हमालों से प्राप्त राशि को ईपीएफआफिस में जमा नहीं किया। साल 2015 में पीएफआफिस द्वारा पांच लाख 15 हजार 657 रुपये पेनाल्टी जमा करने के लिए कल्याण समिति के नाम पर नोटिस भेजा गया। इसके बाद ही हमलों को गबन के बारे में पता चला। जबकि दोनों ने ईपीएफ की राशि जमा करने का झांसा देकर सभी हमल मजदूरों से पैसा वसूली करते रहे। साल जून 2015 में दो लाख 15 हजार 957 रुपये पीएफ आफिस में जमा नहीं किया गया है। उक्त राशि की दोनों के द्वारा बंदरबाट की गई है। विगत 2009 से 2016 तक 17 हजार छह सौ रुपये प्रतिमाह के हिसाब से हमालों द्वारा पैसा जमा किया जाता था। 14 लाख 78 हजार चार सौ रुपये का गबन किया गया है। 2017 से 2021 तक 75 सौ रुपये प्रति माह अध्यक्ष के पास जमा किया जाता था। लगभग तीन लाख 60 हजार रुपये हो रहे हैं।

सावन में गर्मी का अहसास, एक बार फिर बढ़ने लगा तापमान

■ **वर्षा के थमने के बाद बढ़ी उमस**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन में वर्षा के थमते ही बिलासपुर में उमस बढ़ने लगी है। सावन में गर्मी का अहसास होने लगा है। वर्षा के अचानक थमने के बाद वातावरण में उमस बढ़ गई है जिसके कारण लोगों को अब परेशानी होने लगी है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ एचपी चंद्रा के मुताबिक मानसून द्रोणीका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, रोहतक, मेरठ, गोरखपुर, मुजफ्फरपुर, बालूरघाट, बांग्लादेश के मध्य भाग, अगरतला और उसके बाद पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर-पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर से 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 0.9 किलोमीटर से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। 31 जुलाई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। बिलासपुर संभाग में भी लगभग यही स्थिति बनी रहेगी।

बता दें कि 14 जुलाई से सावन आरंभ होने के बाद से लगातार दो सप्ताह तक वर्षा होने के बाद तीसरे सप्ताह में ब्रेक लगा है। मौसम विभाग की मानें तो यह स्थिति अभी आने वाले दिनों में भी बनी रहेगी। हालांकि मानसून द्रोणिका अभी सक्रिय है जिसके कारण कभी भी अचानक वर्षा हो सकती है। दूसरी और उमस बढ़ने से मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की रोजाना भीड़ लग रही है। जिसमें उल्टी, दस्त और बुखार जैसी समस्याएं आम है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आठ सिविल जजों का किया तबादला

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एके गोस्वामी के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ने आठ सिविल जज वर्ग दो का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें संबंधित कोर्ट के साथ ही राजस्व जिला का भी उल्लेख किया गया है। जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तबादला के लिए जिन्होंने खुद होकर आवेदन दिया था उनको किसी तरह का भत्ता नहीं दिया जाएगा।

हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार अरविंद कुमार वर्मा द्वारा जारी तबादला आदेश में सतीश कुमार खाखा सिविल जज वर्ग दो दल्लीराजहरा से वाड्रफनगर राजस्व जिला बलराम में सिविल जज वर्ग दो, अनिता कोशिमा रावटे द्वितीय एडिशनल जज सिविल जज वर्ग दो कोर्ट को राजनादगांव से पंडरिया राजस्व जिला कबीरधाम के लिए सिविल जज वर्ग दो, विवेक नेताम ला अफसर छग मानवाधिकार आयोग रायपुर को दुर्ग राजस्व जिला दुर्ग में चतुर्थ सिविल जज वर्ग दो, द्विजेंद्रनाथ ठाकुर एडिशनल जज कोर्ट प्रथम सिविल जज वर्ग दो को घरघोड़ा से दुर्ग राजस्व जिला दुर्ग चतुर्थ सिविल जज वर्ग दो, अविनाश कुमार दुबे सिविल जज वर्ग दो को पंडरिया से दंतेवाड़ा राजस्व जिला दक्षिण बस्तर सिविल जज वर्ग दो, सोनी तिवारी चतुर्थ सिविल जज वर्ग दो को दुर्ग से दल्लीराजहरा राजस्व जिला बालोद सिविल जज वर्ग दो, आलोक कुमार अग्रवाल सिविल जज वर्ग दो को वाड्रफनगर से रायपुर राजस्व जिला रायपुर सिविल जज वर्ग दो व अंकिता यदु सिविल जज वर्ग दो को मुंगेली से रायपुर राजस्व जिला रायपुर अष्टम एडिशनल जज कोर्ट एक सिविल जज वर्ग दो के पद पर पदस्थापना आदेश जारी किया है।

रत्नावली कौशल अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा की मुख्य पर्यवेक्षक नियुक्त

मुंगेली। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण सदस्य, छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव, अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, हिन्द सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा मुख्य पर्यवेक्षक नियुक्त की गई। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए हाईकमान द्वारा अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा की नियुक्त मुख्य पर्यवेक्षक रत्नावली कौशल महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर रविवार को नियमित उड़ान से रायपुर से दिल्ली होते अहमदाबाद के लिए रवाना हो रही है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा के निर्देश पर गुजरात चुनाव के लिए नियुक्त हुए सभी पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक 1 अगस्त को अहमदाबाद में रखा गया है। जिसमें अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश राष्ट्रीय नेतृत्व से हुआ है। गुजरात चुनाव के लिए अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित क्षेत्र है और वर्तमान में उक्त लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 7 विधानसभा क्षेत्र आते है।

महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर के कमरे में सोई हुई महिला से बलात्कार की कोशिश करने वाले आरोपी को पीड़िता के शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना बिल्हा में धारा 354, 354(क), 452 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। शिकायत पर नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा सुश्री गरिमा द्ववेदी(अति0पु0अ0) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अंजना केरकेट्टा ने तत्काल टीम गठित किया। आरोपी आशीष ध्रुव घटना के बाद अपने गांव में छिपा हुआ था जिसे बिल्हा पुलिस टीम आरोपी को गिरफ्तार किया गया न्यायालय ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है। घटना 26 जुलाई की रात लगभग 10 बजे की है। पीड़ित महिला अपने सास व अपने तीन छोटे बच्चे के साथ घर पर थी, पीड़िता का पति रोज की तरह सुबह सवन्नी लोकल ट्रांसपोर्ट चकरभाठा चले गये। पीड़िता और उसके परिवार वाले रात करीब 8.00 बजे खाना खा कर अपने तीनो बच्चो के साथ सोने चली गयी। सास हाल में सो गई मुख्य दरवाजा को अंदर से बंद कर दिये थे। रात्रि करीब 10 बजे महिला से आरोपी छेड़छाड़ करने लगा। तब नींद खुली तो गांव का ही आरोपी युवक आशीष ध्रुव बलात्कार करने की नियम से महिला से छेड़छाड़ रहा था। आशीष ध्रुव बुरी नीयत से बेईज्जती करना चाहा तब महिला ने अपना बचाव करते हुए उसे झटक दिया। तब चिल्लाई जब तक कमरे में सास पहुंचती आरोपी आशीष वहां से दीवार को फांदकर भाग निकला।

सिम्स मेडिकल कॉलेज में मनाया गया ग्रेजुएशन-डे

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स मेडिकल कॉलेज में ग्रेजुएशन डे (निविष्ट) का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण करने वाले 2014 और 2015 बैंच के छात्र-छात्राओं को कॉलेज के डीन ने स्मृति चिन्ह के साथ ही प्रमाण पत्र प्रदान की। सिम्स मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में शनिवार को दो पाली में ग्रेजुएशन डे (अलंकरण समारोह) कार्यक्रम की शुरूवात हुई सुबह 11 बजे विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सिम्स के डीन डॉ. के.के. सहारे ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान से मिले शिक्षा का प्रयोग वो समाज के प्रति पूरी ईमानदारी से करें। डॉ. एस.के नायक ने कालेज की लम्बी शैक्षिक एवं चिकित्सकीय यात्रा का वर्णन करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। उपाधियां ग्रहण करने के बाद छात्र-छात्राओं ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ईमानदार रहने और मानवता के लिए काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 2014 बैंच के 150 और 2015 बैंच के 150 छात्र-छात्राओं को डिग्री के साथ ही प्रसस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान की। इस दौरान डीन डॉ. के.के सहारे, डॉ. एस के नायक, अधीक्षक डॉ. नीरज शेंडे, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. ए बेन, डॉ.एस.के दास, डॉ. प्रशांत निगम, छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों, शिक्षकों और मेडिकल कॉलेज के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

डॉ. खुशबू को 7 गोल्ड ऋषिका को 1 मेडल मिला

सिम्स के डॉ. प्रशांत निगम ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के 2014 और 2015 बेंच के छात्र-छात्राओं का स्नातक अलंकरण समारोह कार्याक्रम हुआ। विभिन्न लोगों के स्मृति में 4 और प्रबंधन के 4 गोल्ड मेडल में से 2015 बेंच की खुशबू कौशिक ने 7 गोल्ड मेडल हासिल की इसके साथ ही डॉ. ऋषिका शर्मा भी 1 गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 2014 बेंच के स्टूडेंट को पहले ही मेडल मिल चूका है। यह कार्यक्रम कोरोना के कारण 2020-21 में नहीं हो पाया था इस लिए इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाइक को टक्कर मार युवक पर चढ़ाई बस, युवक की मौत

■ **ड्राइवर की लात-घूंसों से पिटाई, महिला और बच्ची की हालत गंभीर**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया है। यहां बस युवक के ऊपर ही चढ़ा दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं एक बच्ची और महिला की हालत गंभीर है। हादसे के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया और उन लोगों ने ड्राइवर को लात-घूंसों से पीट दिया है। बताया जा रहा है कि बस ने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मारी थी, जिसके चलते ये हादसा हुआ है। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

रविवार को कपसिया का रहने वाला अमन सतनामी(25) अपनी मां दौपदी सतनामी(50) और एक बच्ची रिया के साथ अपने किसी रिश्तेदार के यहां छठी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से जा रहा था। ये अभी दोपहर को करीब 12.30 बजे के आस-पास गनियारी के पास पहुंचा था, तभी पीछे से आ रही बस ने इन्हें चपेट में ले लिया। इससे मौके पर ही अमन की मौत हो गई।

मवेशी को बचाने के चक्कर में हादसा

बताया गया है कि अमन अपनी बाइक से आगे जा रहा था। वहीं बस पीछे थी, तभी एक मवेशी सामने से आ गई और उसे ही बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर ने बस को गलत साइड में मोड दिया, जिसके बाद आगे जा रहा अमन बस के पिछले टायर के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई। रिया और द्रौपदी दूर जाकर फेंका गए थे।

कोटा से बिलासपुर की तरफ जा रही थी बस

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, बस भी रोड से किनारे उतर गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए थे। इसके बाद ड्राइवर को उन्होंने बस से नीचे उतार लिया और जमकर पीट दिया। हादसे की खबर पुलिस को भी दी गई थी। फिलहाल दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया है। लोगों ने ड्राइवर को पुलिस के हवाले कर दिया था। कहा जा रहा है कि बस कोटा से बिलासपुर की तरफजा रही थी। मौके पर पुलिस की टीम भी पहुंची हुई है और बस को जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

यातायात नियमों का माखौल उड़ाने वालों पर रोजाना हो रही कार्रवाई

- 74 छोटे-बड़े वाहनों का कटा चालान, 24 हजार से अधिक की चालानी कार्रवाई

कांकेर/नवप्रदेश। सड़क हादसे रोकने और जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पुलिस जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही नियमों का माखौल उड़ाने वाले चालकों पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर व जीएन बघेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक डा ॅअनुराग झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉक्टर चित्रा वर्मा के पर्यवेक्षण में तथा यातायात प्रभारी महेश साहू को निर्देशित किया गया है। 30 जुलाई को यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमे यातायात प्रभारी महेश साहू के नेतृत्व में ग्राम पंचायत इच्छापूर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की लगभग सौ सें अधिक छात्रों को सउनि केजू राम रावत द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें पैदल चलने के नियम, मोटर साइकिल में चलने के नियम तथा चार पहिया वाहन में चलने के नियम के साथ-साथ सड़क में लगने वाले सड़क चिन्हों, विद्युत संकेतों व यातायात जवानों के संकेतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वाहन में आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस आरसी बुक बीमा व पोलूशन आदि प्रमाण पत्र की उपयोगिता के बारे में बताया गया। दो पहिया वाहन में हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नियम बताया जाकर बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने समझाइश दी। इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल विकास श्रीवास्तव, व्याख्याता कुसुमलता, सतीश चंद्र प्रसाद, कविता नेताम, सरिता ठाकुर नंदिनी व अन्य स्टाप तथा यातायात से प्रधान आरक्षक सूर्यदेव कुंजाम, वेद मंडावी, पवन नेताम उपस्थित रहे। 30 जुलाई को ही यातायात टीम कांकेर के द्वारा थाना पखांजूर के अंतर्गत बांदे रोड पीवी 33 चौक के पास कार एवं मोटर साइकिल चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों का उल्लंघन करने पाए जाने पर चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की। नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के अलग-अलग धाराओं में कुल 74 प्रकरण की कार्रवाई कर 24 हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

श्रमदान कर जनसहयोग संस्था ने एनएच 30 के गड्ढों को भरा

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार की सुबह शहर के लोग यह देखकर आश्चर्य में पड़ गए कि लंबे अरसे से उपेक्षित पड़े नेशनल हाईवे क्रमांक-30 के बड़े-बड़े गड्ढों को सीमेंट कांक्रीट से पाटने का कार्य शुरू किया गया हैं। आश्चर्य उस समय हुआ जब नेशनल हाईवे 30 पर सड़को में बड़े बड़े गड्ढों से आमजनों का जीना मुहाल हो चुका था। ऐसे समय पर जन सहयोग समाजसेवी संगठन प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी के नेत्तृत्व में समाजसेवी टीम के लोगों के द्वारा दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर शासन को मुंह चिढ़ाते नज़र आए।

शहर में स्वच्छता अभियान चलाने वाली समाजसेवी संगठन के प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि हमारी टीम शहर के नेशनल हाईवे 30 पर बड़े बड़े गड्ढों को लेकर व्यापक स्तर पर एक जागरूकता अभियान के तहत किया गया है।

नागरिकों द्वारा अनेक शिकायतों के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा टालमटोल तथा उपेक्षा की नीति अपनाई जाने के कारण गड्ढों की समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा सका था। संस्था ने आज गड्ढों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए रविवार की सुबह से ही सीमेंट कंक्रीट से पाट दिया गया। सड़क के गड्ढों की मरम्मत दूध नदी के पुराने पुल के किनारे से शुरू कर दी गई और उत्साह पूर्वक आगे बढ़ते हुए कांकेर की डिस्ट्रिक्ट जेल के समक्ष स्थित एक लंबे क्षेत्र के अनेक छोटे बड़े गड्ढों की मरम्मत कर दी गई, जिसे देखकर कांकेर की जनता को सुखद आश्चर्य हुआ।

नेशनल हाईवे का सुधार कार्य में राजेश चौहान, धर्मेंद्र देव, बल्लू राम यादव, संजय मंशानी, करण नेताम, संत कुमार रजक, दिनेश मोटवानी, प्रमोद सिंह ठाकुर, शैलेंद्र देहारी, दिव्यांग भूपेंद्र यादव, पिंटू महाराज व रोहित यादव आदि प्रमुख थे।

न्यूज गैलरी

शिव लिंग की स्थापना कर कराया रूद्राभिषेक

मुंगेली। नगर के सांई मंदिर में श्रावणी महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें अनुष्ठान मंदिर में किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य जनकल्याण और सर्वजन सुख शांति के लिए भगवान शिव को विशेष आहुतियां दी जा रही है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतीष पाठक ने बताया कि दो वर्षों से श्रावणी महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन इस वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भगवान शिव के भक्त मंदिर पहुंच कर बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन में शामिल हुए। नगर के मध्य स्थित सांई मंदिर में सवा लाख रूद्राभिषेक आज प्रातरू 10 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी सख्या में श्रदालुजन उपस्थित रहें। पार्थिव शिव लिंग की स्थापना कर रूद्राभिषेक कराया गया। पंडित सतीश पाठक ने बताया कि सावन माह में आयोजित शंकर की स्थापना कर जोड़े से पूजा कराई।

अनियंत्रित बाइक दुर्घटना में 1 की मौत, 2 गंभीर

जगदलपुर। जिले के डिलमिली काटा कांदा के पास बीती रात को अनियंत्रित बाईक क्रमांक सीजी 17 केएम 8616 की हुई दुर्घटना में बाईक सवार 01 युवक की मृत्यु हो गई, वहीं 01 महिला 02 युवक गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानिय लोगों ने 108 को दुर्घटना की जानकारी दी, घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भेजा गया, जहां उनका उनका उपचार जारी है। दोनो घायलों एवं मृतक की पहचान नही हो पाई है, पुलिस मृतकों एवं घायलों के परिजनों की तलाश कर रही है।

नए दौर की करो तैयारी, आने वाली है बदलाव की बारी...

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में नए जुझारू नेतृत्व के संघर्ष में 15 साल बाद सत्ता में वापसी करने वाली कांग्रेस ने चुनावी नारा दिया था- वक्त है बदलाव का। कांग्रेस ने यह कर दिखाया। अब कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने उदयपुर मंथन में जो संदेश दिया है, वह है वक्त है संगठन में बदलाव का। यह संदेश यूं तो पूरे देश में कांग्रेस में नई रवानी और नई जवानी लाने के लिए दिया है ताकि नई कहानी लिखी जा सके तो छत्तीसगढ़ में भी संगठन में नीचे से लेकर ऊपर तक बदलाव की जरूरत से कैसे इंकार किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में बस्तर अंचल में भी बदलाव की बयार चल रही है। बस्तर में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को लेकर सांसद दीपक बैज ने आलाकमान के फैसले का हवाला देकर यह इशारा कर दिया है कि जिनका पद पर पांच साल का समय गुजर गया है, उन्हें पद छोड़ना पड़ सकता है। सांसद के बयान पर गहराई से ध्यान दिया जाय तो माना जा सकता है कि जो संगठन के पद पर पांच साल से जमे हुए हैं, उन्हें अपना सम्मान बरकरार रखते हुए खुद न केवल कुर्सी छोड़ देना चाहिए बल्कि फिर से कुर्सी कब्जाने की दौड़ से हट जाना चाहिए ताकि नए नेतृत्व के लिए अवसर निकल सके। कहा जा रहा है कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष के पद पर 5 साल से बैठे नेताओं को अपनी कुर्सी खाली करनी होगी। यह वे अपनी ओर से कर दें तो भविष्य में यह उनके लिए अच्छा होगा और कांग्रेस के लिए तो अच्छा होगा ही। गौरतलब है कि कांग्रेस आलाकमान ने 5 साल से जिला अध्यक्ष के पद पर बैठे नेताओं को कुर्सी खाली करने और नए लोगों को मौका देने का फैसला लिया है। बस्तर सांसद दीपक बैज के मुताबिक राजस्थान के उदयपुर में बीते 13 से 15 मई तक चले तीन दिवसीय नव संकल्प शिविर में कांग्रेस नेतृत्व ने यह फैसला लिया है। यह तो जाहिर है कि कांग्रेस नेतृत्व संगठन में कसावट के लिए नए अवसर सामने लाना चाहता है। उसकी प्राथमिकता है कि संगठन में उत्साह बढ़े। देश और प्रदेश की सभी जिला इकाइयों में इस नवयुग की आवश्यकता के साथ ही बस्तर में भी इसकी जरूरत है क्योंकि यहां भाजपा भी अपने संगठन को मजबूत बनाने मेहनत कर रही है।

कोविड टीकाकरण महाअभियान में 200 लोगों ने लगाया टीका

कांकेर/नवप्रदेश। टीकाकरण त्योहार महाअभियान के तहत ग्राम पंचायत कोदागांव में सरपंच पंचू नायक के नेत्तृत्व में घर-घर जाकर टीकाकरण कराया जा रहा है। गांव के हर गली मोहल्ले व चौक-चौराहों में जा-जा कर स्वास्थ्य विभाग की टीम इस टीकाकरण को एक त्योहार के रूप में मना रहें हैं। कोदागांव सरपंच पंचू नायक ने बताया कि लोगों में भय नाम की डर खत्म हो चुका है। सभी के चेहरे पर मुस्कान साफ देखी जा सकती है। इतना ही नहीं कोदागांव ग्राम पंचायत के सभी स्वयं प्रेरित हो कर लोग टीका लगवाने आ रहे हैं। इस महाअभियान मे 200 लोगों को टिका लगाया गया।

इस अभियान में धंनजय नेताम एसडीएम, निरिक्षण करने पहुंचे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सरपंच पंचू राम नायक, लखन लाल मरकाम आरएचो पुरुष, सवित्री कोमरा आरएचओ महिला, एएनएम निर्मलता सोनी, विनोद दुबे पटवारी, विष्णु जैन सचिव, जितेंद्र रोजगार सहायक, कृपा कोटवार एवं आगंनबाडी कार्यकर्ता की टीम टीका लगाने में सहयोग प्रदान कर रही है।

बिजली हमारे जीवन का बन गया है अभिन्न अंग : चंद्राकर

मुंगेली/नवप्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विद्युत विभाग एवं एनटीपीसी सीपत के संयुक्त तत्वाधान में जिले के दो प्रमुख स्थलों पथरिया के मंगल भवन व जिला मुख्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में बिजली महोत्सव उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य पावर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राजगीत के साथ हुआ। इस दौरान चल चित्रए नुक्कड़ नाटक और पंथी नृत्य के माध्यम से मानव जीवन में बिजली के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई तथा विद्युत क्षेत्र के उपलब्धियों को बताया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा कि आज के समय में बिजली हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। उन्होंने कहा कि विद्युतकर्मी हमें निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए कड़कड़ाती ठंड, धूप, गर्मी व बारिश में भी बिजली की समस्या का निदान करते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने कहा कि राज्य बनने के बाद लगातार बिजली के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल हुई है। आज हमारा छत्तीसगढ़ विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर राज्य है।

नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि आजादी के बाद देश में बिजली व ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं।

आभार प्रदर्शन विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ए वास्ने ने किया। मंच का संचालन अशोक सोनी ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवालए संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम अमित कुमार, मण्डी बोर्ड के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, सांसद प्रतिनिधि आशीष मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप पाण्डेय, नगर पालिका पार्षदगण राकेश पात्रे श्रीमती उर्मिला रमेश यादव वरिष्ठ नागरिक स्वतंत्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से हो रही महिला मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम कुंआ गांव के स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एक्वेरियम प्रिपरेशन सहित महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने मात्स्यिकी महाविद्यालय जिला कबीरधाम पहुँचे और वहां प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत संचालित रंगीन मछली पालन के विभिन्न प्रज्जन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। ग्राम कुंआ गांव के स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एक्वेरियम प्रिपरेशन सहित महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने मात्स्यिकी महाविद्यालय जिला कबीरधाम पहुँचे और वहां प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत संचालित रंगीन मछली पालन के विभिन्न प्रज्जन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की।

मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्रीमती सीमा चंद्रवंशी ने बताया कि जिले के मत्स्य पालन करने वाले के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव की संभावना अधिक है। मछली पालन से किसानों की आय बढ़ रही है। मछली पालन से पांच से छह लाख रुपये प्रति एकड़ तक आमदनी होती है। सरकार द्वारा योजना के तहत अनुसूचित जाति व महिला वर्ग मछली पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान तथा सामान्य वर्ग को मछली पालन पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

इस योजना के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली फीड हैचरी, बायाफेलाक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोर आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकि सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इस दौरान मछली पालन विभाग के डायरेक्टर एन एस नाग, कुलपति दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय डॉ. नारायण पुरुषोत्तम दक्षिणाकर, मत्स्य निरीक्षक श्रीमती पूजा साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

अपराध पर अंकुश लगाकर लोगों से रखें बेहतर तालमेल : एसपी

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा अपने दौरे के दौरान कोरर थाने का वार्षिक निरीक्षण करते थाना परिसर कोरर में मौजूदगी में पौधारोधण कर क्लीन कोरर ग्रीन कोरर का दिया। संदेश देकर पौधे की देखभाल की ज़िम्मेदारी सौंपी। बता दे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी थाना कोरर का वार्षिक निरीक्षण करने पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा थाना परिसर का भ्रमण किया गया। इस दौरान थाना के दस्तावेजों का निरीक्षण कर रखरखाव,साफसफाई और कोरर में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों का फालन कर व्यक्तिगत समस्याओं व थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्रामों की जानकारी व बीट विभाजन के संबंध में बीट प्रभारियों से बीट के संबंध में जानकारी हासिल किया उसके बाद थाना क्षेत्र में हो रहे है। इसके अलावा अवैध शराब परिवहन गांजा परिवहन सहित अन्य तस्करी जुआ सट्टा पर रोक लगाने नियमित रूम से वाहनों की चेकिंग व क्षेत्र में गस्त सर्चिंग कर मुखबीर तैनात करने हिदायत दिया गया।

थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से परिवहन व जुआ सट्टा के संबंध में जानकारी मिलने पर तत्काल थाना को सुचित करने के निर्देश दिए गए हैं। थाना परिसर कोरर में पोदला उरस्कना कार्यक्रम के तहत एसडीओपी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह व थाना कोरर पुलिस स्टॉफ के साथ वृक्षारोपण कर हरिहर छत्तीसगढ़ का संदेश दिया गया है।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

बीजापुर/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू के मार्गदशन में यातायात प्रभारी संजय सूर्यवंशी, जिला परिवहन अधिकारी किशन लाल माहौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेशनल हाईवे टीकम सिंह ठाकुर, पीडब्ल्यूडी उपअभियंता संतोष दास, रोड सेफ्टी सेल एएसआई विजय मंडावी, प्रधान आरक्षक जगदेव मंडावी, रामेश्वर नेताम, आरक्षक अवध सिन्हा, सुरेश मेश्राम, लकेश्वर पुरैना के साथ 1 जनवरी से आज तक जिला बीजापुर में सड़क दुर्घटना जिसमें 1 से अधिक व्यक्तियों का दुर्घटना स्थल पर मृत्यु हुई है वैसे स्पॉट स्थल का निरीक्षण किया।

जिसमें स्पॉट स्थल जवाहर नवोदय विद्यालय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनोवा एवं मोटर साइकिल चालक के टक्कर से दो व्यक्तियों की मृत्यु जिसमें निरीक्षण आगे ग्रामीण मार्ग का बोर्ड लगाया गया है किंतु चेतानी बोर्ड का ना होना। राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्रामीण मार्ग में जुड़ने के पहले ग्रामीण मार्ग में थ्री वे ब्रेकर का ना होना। ऐसे स्थल पर अधिक प्रकाश के स्थान पर कम प्रकाश का होना पाया गया एवं दूसरा स्पॉट स्थल मूसालूर चौक के पास। राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्रामीण मार्ग में जुड़ने के पहले 3 वे ब्रेकर का ना होना। ऐसे स्थल पर अधिक प्रकाश के स्थान पर कम प्रकाश का होना पाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गति सीमा बोर्ड का ना होना तीसरा स्पॉट स्थल सीएफ कैंप 15 वीं बटालियन के सामने में रोड धनोरा में एंबुलेंस से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मृत्यु यहां पर 1. नेशनल हाईवे का रोड सीधा होने से वाहन चालकों के लिए गति सीमा बोर्ड का ना होना जैसे उपयुक्त कमियों का संयुक्त निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया ताकि आने वाले समय में उपरोक्त कमियों को दूर कर जिला बीजापुर में सड़क दुर्घटना से होने वाले मृत्युदर को कम किया जा सके।

साइंस टैलेंट हंट में अतिथियों के साथ पुरस्कृत विद्यार्थी

मुंगेली/नवप्रदेश। जेसीस शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित साइंस टैलेंट हंट परीक्षा 2022 का पुरस्कार वितरण समारोह जेसीस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर राहुल देव तथा अतिथि के रूप में एडिशनल कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल एवं डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। सरस्वती वंदना और राजकीय गीत स्कूल की छात्रा स्वर्णा सोनी, राशि जायसवाल, मेधा सोनी तथा वंशिका ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। स्कूल के प्राचार्य सुनील पाण्डेय ने स्वागत भाषण के साथ स्कूल की समस्त जानकारी और उपलब्धियों को संक्षेप में बताया।

समिति के संरक्षक डॉ. संजय अग्रवाल ने जेसीस स्कूल की स्थापना और क्रमिक विकास की जानकारी देते हुए बताया कि हमने कम फीस में अच्छी शिक्षा देने का प्रयास किया है। पालक भी हमारे प्रयास से खुश हैं। लॉकडाउन के समय भी सतत शिक्षा देते हुए विभिन्न वेबिनार के माध्यम से कई आयोजन किए गए। जिसमें देश के प्रमुख चिकित्सकोंए मनोवैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों ने बच्चों एवं पालकों का मार्गदर्शन कर उचित परामर्श दिए।

उन्होंने बताया कि स्कूल का नया भवन 40 कमरों से सुसज्जित नई विधा के साथ 1 वर्ष में प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें तीन सांत्वना पुरस्कार समिति के दिवंगत सदस्योंए स्वण् विकास उपाध्यायए स्वण् किशोर चंदेल तथा स्वण् राजेश जायसवाल की स्मृति में प्रत्येक को 1100-1100 रुपए की नगद राशि तथा प्रशस्ति पत्र अल्फा पब्लिक स्कूल की छात्रा महक जैन जेसीस पब्लिक स्कूल के उन्नति डहरिया तथा देवेश लोधी को दिया गया। तृतीय पुरस्कार 3000 की नगद राशि और प्रशस्ति पत्र तथा मेमेंटो समिति की ओर से सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा दीक्षा व्यास को कलेक्टर के हाथों दिया गया। द्वितीय स्थान के लिए 5000 की नगद राशि प्रशस्ति पत्र तथा मेमेंटो कन्हैया लाल कोटड़िया के द्वारा जेसीस पब्लिक स्कूल के छात्र पीयूष शर्मा को प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान पर जेसीस पब्लिक स्कूल का छात्र अनमोल ठाकुर रहा जिसे डॉक्टर संजय अग्रवाल की तरफ से 10 हजार रूपए की नगद राशिए प्रशस्ति पत्र तथा मेमेंटो कलेक्टर राहुल देव के हाथों प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जिले के युवा एवं ऊजार्वान कलेक्टर राहुल देव का उद्बोधन सुनने समारोह में उपस्थित छात्र.छात्राएंए अभिभावक एवं शिक्षक सभी अत्यधिक उत्साहित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक मोनी चक्रधारी तथा आभार प्रदर्शन स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सीएम शर्मा के द्वारा किया गया।

प्रोफेशनल कांग्रेस के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में शमिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

■ कहा- छत्तीसगढ़ मॉडल सबका है, देश की संपदा को लगातार बेचना ही शायद गुजरात मॉडल

■ छत्तीसगढ़ की सरकार ने न्यूनतम आय और न्यूनतम आवश्यकता पर दिया जोर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रोफेशनल कांग्रेस के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में शमिल हुए।

इस मौके पर एआईपीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद डॉ.शशि थरूर, आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, प्रदेश प्रभारी पी.एल पुनिया, राजीव अरोरा, सलमान जोशी, प्रभारी सचिव चंदन यादव, एआईसीसी की मीडिया प्रभारी ज़रिता लैतफ लांग, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक विकास उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष एआईपीसी क्षतिज चंद्राकार उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक डोमनच नृत्य के साथ सम्मेलन में शामिल होने छत्तीसगढ़ आए अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारे नेता राहुल ने 2018 में प्रोफेशनल कांग्रेस का निर्माण किया ताकि समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को उनकी बातों के लिए मंच मिल सके। प्रोफेशनल कांग्रेस के सम्मेलन में पूरे देश से लोग आए हैं। आज देश में अर्थव्यवस्था की चर्चा है। छत्तीसगढ़ की अर्थनीति और छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश में है। जबकि हमारा देश गुजरात मॉडल को भोग रहा है। देश देख रहा है कि गुजरात मॉडल का क्या हश्र हुआ है, आज 9 साल बाद कोई गुजरात मॉडल की चर्चा नहीं करता, जब देश में महंगाई, गरीबी, भुखमरी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मॉडल, हम सबका मॉडल है जो हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से जोड़ रहा है। जबकि देश की संपदा को लगातार बेचना ही शायद गुजरात मॉडल है। हमारी सरकार ने न्यूनतम आय और न्यूनतम आवश्यकता पर जोर दिया। हमने न्यूनतम आवश्यकता में भोजन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यम क्षमता को बढ़ावा देने का काम किया। योजनाएं बनाई, उन्हें लागू किया। साढ़े 3 सालों में हमने 12 हजार नालों को चार्ज किया है। पानी है तो जंगल हरे हैं, जंगल में उत्पादकता बढ़ेगा, वनोपज होगी। जलस्तर जहां जहां नीचे गया है, वहां कृषि, उद्योग, व्यापार नीचे गया है। जल प्राथमिक और पहला घटक है इसलिए हमारा नारा है छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी। हमने साढ़े 3 सालों में 75 लाख क्विंटल गोबर खरीदकर उससे 20 लाख क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बनाया। हम गांवों को उत्पादक और उपभोक्ता दोनों बना रहे हैं। हमने सी-मार्ट शुरू किया है, जहां स्थानीय स्तर पर 600 से ज्यादा प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं उन्हें बेचा जा रहा है।

सुधांशु कांग्रेस की चिंता में दुबले मत हो, भाजपा की गुटबाजी देखें : कांग्रेस

रायपुर। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी की पत्रकार वार्ता का जवाब देते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि सुधांशु कांग्रेस सरकार पर अनर्गल आरोप लगाने के पहले मोदी सरकार के वायदों की फेहरिश्त पर नजर डाल लेते। देश की जनता जानना चाहती है महंगाई कम करने का वायदा कर वोट लेने वाली मोदी के राज में महंगाई बेतहाशा बढ़ गई है। डीजल, पेट्रोल, खाद्य पदार्थ, साबुन, कपड़ा, रोजमर्रा के समान सभी के दाम बढ़ गये इस पर मोदी के प्रवक्ता क्यों चुप है? हर साल दो करोड़ रोजगार के वायदे का क्या हुआ? 15 लाख को तो भाजपाई जुमला बता चुके है लेकिन किसानों की आय दुगुनी कब होगी? छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के किसानों के लिये किये जा रहे कामों पर टीका टिप्पणी करने वाले सुधांशु की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के द्वारा किसानों के लिये किये जा रहे कामों का दशांश भी कर दे तो देश भर के किसानों का कुछ भला हो जाये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों को अनुसरण करने की सीख अपने पास रखे देश मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का खामियाजा भुगत रहा। नोटबंदी, जीएसटी के फायदे मोदी आज तक देश की जनता को नहीं बता पाये है। देश में बेरोजगार चरम पर है। छत्तीसगढ़ को मोदी सरकार से नहीं मोदी सरकार को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार से सीख लेनी चाहिये। आज छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर 0.06 प्रतिशत है। देश की बेरोजगारी दर 7.62 प्रतिशत है। देश के किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा, छत्तीसगढ़ के किसान समर्थन मूल्य से ज्यादा अपने ऊपज की कीमत पा रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस पर कटाक्ष करने के पहले सुधांशु को छत्तीसगढ़ भाजपा की गुटबाजी को देखना चाहिये। 14 विधायकों वाली भाजपा में नेता प्रतिपक्ष के लिये 9 उम्मीदवार सामने आ गये थे उसके बाद भी उनकी प्रभारी पुरंदेश्वरी एक भी भाजपा के नेता को पार्टी का चेहरा नहीं मानती। उनके ही पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदकुमार साय को अपने प्रदेश अध्यक्ष में आक्रमकता नहीं दिख रही।

मामूली बात पर महिला से मारपीट

रायपुर। ब्रम्हदेईपारा खमतराई में मामूली बात को लेकर दो महिलाओं ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पूर्णिमा मिश्रा 27 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि नीशा मानिकपुरी की बहन एवं मां ने कपड़ा सुखाने की तार के विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मारपीट

रायपुर। ग्राम धौराभाठा में तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धौराभाठा निवासी प्रार्थी मनीष धृतलहरे 18 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी गोविंद टण्डन, कमलेश व गोकू टण्डन ने लड़की से क्यों बात करते हो कहते हुए प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एम्स में कॉर्निया का पहला सफल ट्रांसप्लांट

■ भिलाई के श्रमिक का नि:शुल्क ऑपरेशन, ऑर्गन डोनेशन की हुई शुरूआत

■ अभी भी 30 से अधिक रोगियों को कॉर्निया दान करने वालों का इंतजार

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आर्युर्विज्ञान संस्थान में भिलाई के एक श्रमिक का पहला सफल कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया गया। 45 मिनट की सर्जरी के बाद अब श्रमिक पूरी तरह से स्वस्थ है। इसके साथ ही एम्स में कॉर्निया ट्रांसप्लांट की शुरूआत हो गई है। अभी भी 30 से अधिक रोगियों को कॉर्निया दान देने वालों का इंतजार है जिससे उनकी आंखों की रोशनी भी दोबारा लौट सके।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि एम्स का पहला कॉर्निया ट्रांसप्लांट 27 जुलाई को भिलाई के एक श्रमिक का किया गया। 65 वर्षीय यह श्रमिक नॉन हिलिंग कॉर्नियल अल्सर से पीड़ित था। रोगी को लगातार आंख में दर्द और सूजन की शिकायत थी। यदि इसका कॉर्निया ट्रांसप्लांट नहीं किया जाता

तो रोगी की आंखों की रोशनी चली जाती। रोगी लगभग तीन माह से कॉर्निया ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहा था। आई बैंक की मदद से इस रोगी को कॉर्निया प्रदान किया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत श्रमिक का कॉर्निया ट्रांसप्लांट पूरी तरह से नि:शुल्क रहा। इसके साथ ही एम्स में आर्गन डोनेशन की भी शुरूआत हो गई है।

कॉर्निया ट्रांसप्लांट की नोडल ऑफिसर डॉ. विजया साहू ने बताया कि ऑपरेशन के बाद रोगी पोस्ट ऑप केयर में विशेषज्ञों की निगरानी में रहा। रोगी का कॉर्निया ट्रांसप्लांट पूरी तरह सफल रहा। अभी नियमित जांच के लिए रोगी को विभाग में आने की सलाह दी गई है। ट्रांसप्लांट करने वाली टीम में डॉ. साहू के साथ एनेस्थेसियोलॉजी विभाग के डॉ. सुब्रत सिंघा भी शामिल थे।

डॉ. साहू ने बताया कि एम्स में जून से आई बैंक पूर्ण रूप से कार्यरत है। कॉर्निया ट्रांसप्लांट की सारी सुविधाएं विभाग में मौजूद हैं। किसी भी सामान्य व्यक्ति की मृत्यु के बाद छह घंटे तक नेत्रदान किया जा सकता है। यदि कोई भी कॉर्निया दान करना चाहे तो वह विभाग में या फोन नंबर 7712577389 पर संपर्क कर सकता है। कॉर्निया दान करने की सारी प्रक्रिया एम्स की टीम द्वारा संपन्न की जाएगी।

रोजगार मेले में 503 युवाओं ने लिया भाग

रायपुर। 30 जुलाई को प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र न्यू राजेन्द्र एवं नेशलन स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन ने रोजगार मेले का आयोजन किया । जिसमें कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों एवं अन्य रोजगार ढुंढ रहे लगभग 503 युवाओं ने भाग लिया। रोजगार मेले में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, हार्डवेयर टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, शोरूम मैनेजर, स्टोर मैनेजर, फि ल्ड एक्जीक्युटीव, सेल्स एक्जीक्युटीव और भी अन्य पदों में चयन के लिए 18 कंपनीयों द्वारा साक्षात्कार लिया गया। इसमें टेक्नोटास्क, सुमित सेनफैब, एनआईबिएफ, दिपिजा टेलिकॉम, सानिध्य टॉप करियर सर्विसेस, नव किसान बायो प्लानटेक, सोनी मल्टी सर्विसेस, रेपिडो बाइक, आईसीआईसी आई बैंक, न्यूलिफ, कैलिबर, एर्कोस फ्लिपकार्ट एवं टॅचस्टोन सर्विसेस आदि कम्पनियों के द्वारा लगभग 260 युवाओं को प्रथम चरण के लिए चयन किया गया । रोजगार के लिए उपस्थित युवाओं के मार्गदर्शन के लिए सेंटर हेड अब्दुल मसीद ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा सभी हाथों को काम देने का लक्ष्य लिया गया है, जिसमें प्रति व्यक्ति आय बढे एवं हर युवा अपने पैर में खड़े हो सके इसलिए देश में कौशल प्रशिक्षण कराकर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस रोजगार मेले में प्रशांत स्वर्णकार, राज्य प्लेसमेंन्ट आईसेक्ट एवं जाबिर खान प्लेसमेंट आफिसर पीएमकेके रायपुर की मुख्य भूमिका रही है।

स्तनपान शिशु के लिए है सर्वोत्तम आहार

■ ' 'विश्व स्तनपान सप्ताह 1-7 अगस्त पर विशेष

रायपुर/नवप्रदेश। शिशु के लिए स्तनपान सर्वोत्तम आहार तो है, साथ ही शिशु को स्तनपान कराना उसका मौलिक अधिकार भी है। माँ का पहला, पीला, गाढ़ा दूध पौष्टिकता से भरपूर होता है जिसमें रोग प्रतिरोधक शक्ति होती है जो शिशुओं को जीवन भर कई रोगों से बचाता है । इस दूध यानि क्कोलोस्ट्रोम' को पहला टीका भी कहा जाता है ।

स्तनपान करने वाले बच्चों में मानसिक और शारीरिक वृद्धि उन बच्चों की अपेक्षा अधिक देखी जाती है जिन्हें मां का दूध कम समय के लिए मिलता है। छह माह तक केवल माँ का दूध ही बच्चों की ज़रुरत को पूरा करता है। इस अवधी में बच्चे को कोई और भी चीज़, यानि पानी तक भी नहीं देना चाहिए। छह माह के बाद माँ के दूध के साथ शिशु को पूरक आहार भी देना चाहिए। इसीलिए सरकार शिशुओं को स्तनपान करवाने पर जोर दे रही है।

माँ के दूध के गुणों के बारे में जानकारी देना और समुदाय में माँ के दूध के महत्व देने के लिए हर वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस बार विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम ÷स्तनपान के लिए एक कदम बढ़ाएं और लोगों को इसके लिए शिक्षित और सहयोग करें'' रखी गई है।

इस सम्बन्ध में उप संचालक शिशु स्वास्थ्य एवं राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. विश्वनाथ भगत ने बताया जिन शिशुओं को जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान नहीं कराया जाता उनमें मृत्यु का जोखिम अधिक होता है। इसलिए जन्म के प्रथम एक घंटे के भीतर ही शिशु को मां का पहला पीला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाना चाहिये एवं छः माह तक की आयु तक शिशु को केवल और केवल स्तनपान कराना चाहिए। इस दौरान बच्चे को पानी पिलाने की भी आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि मां के दूध में आवश्यकतानुसार पर्याप्त पानी होता है ।

मां (MAA) कार्यक्रम स्तनपान को देता है बढ़ावा

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए (MAA--- MotherÓs Absolute Affection) मां कार्यक्रम की शुरुआत की थी । डॉ. भगत कहते हैः ''मां'' कार्यक्रम के अंतर्गत सभी चिकित्सा इकाइयों को बेबी फ्रेंडली बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के माध्यम से स्तनपान को प्रोत्साहन देने के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से मां और समुदाय के संपर्क में रह रहे हैं जिससे गर्भवती महिला और जन्म के समय से 2 साल तक के बच्चों को नियमित रूप से स्तनपान मिलता रहे। स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाले प्रसव में चिकित्सक, स्टाफ नर्स, एलएचवी और एएनएम सभी के द्वारा नवजात को जन्म के एक घंटे के भीतर हर हाल में स्तनपान शुरू कराने के लिए माता विशेष रूप से सहयोग एवं परामर्श दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल ने कहाः ''मां का दूध शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। माँ के दूध को पहला टीका भी कहा जाता है। यह खुद में संपूर्ण आहार है छः माह तक यह शिशु को डायरिया, निमोनिया और कुपोषण से बचाने के लिए आवश्यक है।''

स्तनपान के यह भी हैं फायदे

स्तनपान कराने वाली माताओं में स्तन कैंसर का जोखिम भी कम रहता है । विभिन्न शोधों से यह स्पष्ट हो चुका है कि स्तनपान न केवल शिशुओं को बल्कि माताओं को भी कई रोगों से बचाता है। शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी को दृष्टिगत रखते हुए स्तनपान अत्यंत आवश्यक है।

यह हैं छत्तीसगढ़ के स्तनपान से सम्बंधित आंकड़े:

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के अनुसार छत्तीसगढ़ में जन्म से 1 घंटे के अंदर स्तनपान की दर शहरी क्षेत्र में 30.0 प्रतिशत है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्तनपान की दर 32.8 है वहीं प्रदेश में कुल स्तनपान की दर 32.2 प्रतिशत है।

मैट्स में दी डिजाइन फेस्ट-2022 का आगाज, छात्रों ने किया कौशल का प्रदर्शन

■ मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग का आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश।। मैट्स यूनिवर्सिटी के पंडरी स्थित सिटी कैम्पस में स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा दी डिजाइन फेस्ट-2022 का शनिवार को शुभारंभ हुआ। 30 जुलाई से 1 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में विभाग के विद्यार्थियों के कौशल का शानदार प्रदर्शन किया गया है। मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की सचिव डॉ. मनीषा शुक्ला और मैट्स विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका पगरिया ने किया। इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, उपकुलपति दीपिका ढांड, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में बैचलर ऑफ़ साइंस इंटीरियर डिजाइनिंग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 14 अलग-अलग प्रॉडक्ट निर्मित कर प्रदर्शित किये हैं जो अद्भुत और अलौकिक हैं। इनमें लोअर सिटिंग, झूला, फॉल सीयलिंग, वूडेन आर्ट, प्लांट कंटेनर, सेल्फ ी जोन पेंटिंग प्रमख रूप से शामिल हैं। इसी तरह बैचलर ऑफ साइंस इंटीरियर डिजाइनिंग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने लकड़ी, कबाड़ और बोटल के अनुपयोगी समान का उपयोग करके एक वूड कैफे डिजाइन किया है जो सभी के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कैफ़े बनाने में विद्यार्थियों ने लकड़ी, रस्सी, पेपर रोल्स का इस्तेमाल किया किया है। लकड़ी से अनेक वस्तुओं का निर्माण भी किया गया है। इन विद्यार्थियों द्वारा एक मंच भी बनाया गया है जिसमे स्टैंड अप कॉमेडियन या संगीत के कार्यक्रम आयोजित करवाए जा सकते हैं। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों लैंडस्केप डाइनिंग टेबल एवं बैठने के लिए आकर्षक टेबल एवं कुर्सी का निर्माण किया है। दी डिज़ाइन फेस्ट-2022 में प्रदर्शित की गई सभी वस्तुओं का निर्माण विद्यार्थियों ने किया है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं व्यवसाय के बहुत सारे रास्ते खुल रहे हैं। विद्यार्थियों ने कोसा सिल्क में ब्राइडल वेयर एवं ड्रेसेस भी प्रदर्शित की है।

वेतन कटौती पर आदेश की कॉपी जलाकर अधिकारी-कर्मचारियों ने जताया विरोध

रायपुर। प्रदेशभर के सभी विभागों के लाखों कर्मचारियों द्वारा 5 दिन के सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर चले जाने के बाद सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। अधिकारी कर्मचारियों की ओर से किए गए पांच दिवसीय हड़ताल के दौरान का वेतन काटने के राज्य सरकार के आदेश का अधिकारी - कर्मचारी संगठनों ने विरोध किया है। अधिकारी-कर्मचारियों ने आदेश कॉपी को जलाकर अपना विरोध जताया।

दरअसल, अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेशभर में पांच लाख से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर कामकाज का बहिष्कार किया था। महँगाई भत्ता और भाड़ा भत्ता को बढ़ाने की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियों ने आंदोलन किया था।

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमाल वर्मा ने कहा कि हड़ताली कर्मचारियों के वेतन काटने का आदेश अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ बहुत ही जल्द अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के बाद ये अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकती है।

सरकार ने जारी किया वेतन कटौती का आदेश:

बता दें कि सरकार ने हड़ताल पर बैठे सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन में कटौती का आदेश जारी किया है। साथ ही कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी निर्देश में सभी कलेक्टरों और विभागाध्यक्षों को हड़ताल, धरना और सामूहिक अवकाश पर जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

आदेश के अनुसार यदि आप बिना अनुमति सामूहिक अवकाश पर जाते हैं तो इस अवधि को सेवा में ब्रेक-इन-सर्विस माना जाएगा। जिला कलेक्टर, संभागायुक्त और संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वेतन कटौती सहित अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

मेडिकल कालेज सभागार में ऊर्जा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े

रायपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047'' थीम पर आयोजित ऊर्जा महोत्सव का आयोजन रायपुर मेडिकल कालेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी आडिटोरियम में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल रूप से शामिल हुए। यह आयोजन देश के 100 स्थानों पर एक साथ आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने आज आयोजित इस कार्यक्रम में 5 हजार करोड रुपए की एनटीपीसी की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं, 3 लाख करोड रुपए से अधिक की बिजली वितरण के आधुनिकीकरण से जुड़ी पुनरुत्थान आधारित वितरण क्षेत्र योजना एवम नेशनल रूफटॉप सोलर पोर्टल का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। उन्होंने ऊर्जा विभाग की योजनाओं से लाभान्वित विभिन्न राज्यों के हितग्राहियों से बात की और उनके जीवन में आने वाले परिवर्तन के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि बिजली के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। अगले 25 वर्षों के प्रगति को गति देने में पावर सेक्टर की बड़ी भूमिका होगी।प्रदेशभर के हर जिलों में 30 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बिजली से आम लोगों के जीवन में आए परिवर्तन को रेखांकित कर भविष्य में और बेहतर कार्य संपादन करने के संबंध में मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में हिस्सेदारी देने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधगण को भी आमंत्रित किया गया था। ऊर्जा महोत्सव का आयोजन आज 20 जिलों में किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ शासन की बिजली बिल हाफ योजना, मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना, मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के अलावा मोर बिजली एप की उपादेयता से आमजनों को अवगत कराया गया।

छात्र की मौत के बाद पिता ने जिम्मेदारों की बर्खास्तगी की मांग

अधीक्षक पर पीड़ित पिता ने लगाए आरोप

तबीयत खराब होने की वजह से दवाई देकर आश्रम में रखना मेरे बेटा को एडमिट नहीं करना अधीक्षक की लापरवाही साफ नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे ने अच्छा खाना पीना नहीं देने की बात कहीं थी। शासन से मांग की है कि इस तरह की घटना दोबारा ना हो ताकि दूसरे के बच्चे की जान ना जाए। इसकी उचित व्यवस्था करें वह इस केस में जो भी शासन की ओर से लाभ हो वह उन्हें मिले। आश्रम में अध्ययनरत छात्रों ने बताया कि घटना के दिन हॉस्टल में अधीक्षक मौजूद नहीं था।

लापरवाही की वजह से बच्चे की हुई मौत

30 जुलाई के रात्रि प्रातः 3:00 बजे से रोता तड़पता बच्चा सुबह के 4:00 बजे के आसपास आखिरी सांस लिया। सुबह पहुंचा आश्रम अधीक्षक। जिस बच्चे कि मौत हुई वह छात्र अकेला ही हॉस्पिटल जाकर दवाइयां लिया, जिसके दौरान कोई जिम्मेदार आश्रम अधीक्षक न कोई चपरासी साथ में नहीं था। बड़ी बात हॉस्पिटल के जिम्मेदार दवाई देकर आश्रम में रखना एडमिट नहीं करना और तीसरे ही दिन मौत हो जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

> अधीक्षक अपने गांव में शाम को अपना घर आ जाता है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर उसके आधार पर शासन की अनुदान का प्रावधान होगा तब तक कुछ कह नहीं सकते। डॉक्टर द्वारा जांच किया गया जो उन्हें सही लगा। उन्होंने इलाज किया की नहीं इस बारे में मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।
>
> **युगल किशोर पटेल,**
> तहसीलदार भैरमगढ़।

> छात्र की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। मलेरिया होने पर सभी को उम्र के हिसाब से दवाइयां निर्धारित है। इस बच्चे को नैन टू फोर्टीन के बीच में दी जाने वाली दवाई दी गई थी। मेडिसन देने के बावजूद भी अगर बुखार नहीं उतर रहा होगा तो तभी एडमिट किया जाता है। 2 दिन पहले 8-9 बच्चे पॉजिटिव थे अभी कुछ लोगों की जांच चल रही है।
>
> **डॉ आदित्य साहू,**
> बीएमओ भैरमगढ़

आश्रम में घटना के बाद दवा का छिड़काव करने पहुंची टीम

राजेश झाड़ी

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के बालक आश्रम तामोड़ी में मलेरिया के कारण कक्षा दूसरी के छात्र की मृत्यु होने की घटना के बाद नवप्रदेश की टीम ने गांव व घटना स्थल का मौका मुआयना किया। जहां कई चौकाने वाले खुलासे हुए। एक तरफ छग सरकार की कठोर नीतियों का हवाला देते जिला प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने की सरकारी दावा करती है, दूसरी तरफ अब एक छात्र की मौत ने सरकारी सिस्टम की पोल खोल दी है। भले ही कलेक्टर ने आश्रम अधीक्षक को निलंबित कर दिया है, लेकिन पीड़ित परिवार जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। पीड़ित माता-पिता ने इस घटना में जितने भी जिम्मेदार हैं उन पर भी कठोर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। नवप्रदेश टीम से चर्चा करते हुए पीड़ित पिता ने कहा कि जब 3 दिन पहले हमारे बच्चे की तबीयत खराब हुआ तो हमें सूचना क्यों नहीं दिया गया? न ही मेरे बेटे की लाश गांव तक आश्रम अधीक्षक द्वारा पहुंचाया गया? वहीं स्वास्थ्य विभाग पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

शराबी पिता से तंग आकर पुत्र ने उतारा मात के घाट, आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। शराबी पिता से तंग आकर पुत्र ने पिता को मौत के घाट उतार दिया पुलिस में आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी को जेल दाखिल कर दिया है। प्रार्थी कुमार प्रसाद चौहान उम्र 50 वर्ष निवासी भुईगांव ने थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जुलाई को अपने घर में था। इसी दौरान जोहित मनहर का पुत्र साहिल मनहर एवं उसकी पत्नी बंगला बाई घर आकर बताये कि जोहित मनहर की शराब पीने से मृत्यु हो गई है जिसका अंतिम संस्कार करने के लिए लकड़ी छैना के लिए गांव में मुनादी कर दो तब मैं, डमरु मनहर एवं अन्य ग्रामीण मौके पर जाकर देखें तो मृतक जोहित मनहर के गले में किसी रस्सी जैसी वस्तु से दबाने का गोल निशान था एवं उसके दोनों कानों से खून निकला हुआ था। जिस संबंध में मृतक के पुत्र से पूछताछ करने पर साहिल मनहर ने बताया कि उसका पिता जोहित मनहर आये दिन शराब पीकर आता था और मारपीट गाली-गलौच करता था, जिससे परेशान होकर अपने पिता की गमछा से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया गया जिसपर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी साहिल मनहर के विरूद्ध धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण हत्या जैसी गंभीर घटना से संबंधित होने से पामगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी साहिल कुर्रे के घर में दबिश देकर गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी साहिल मनहर को 30 जुलाई को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

प्रदेश सरकार के खिलाफ भाजयुमो ने चलाया पोस्टर अभियान

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश बढ़ती बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस सरकार के विरुद्ध पोस्टर अभियान चलाया। भाजयुमो के आह्वान पर आज भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत डभरा में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध पोस्टर अभियान चलाया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी चुनावी घोषणापत्र में प्रदेश के बेरोजगारों को पच्चीस सौ रुपए भत्ता देने का वादा किया था लेकिन कांग्रेस सरकार द्वारा न तो बेरोजगारी भत्ता और न ही नौकरी दिया जा रहा है जिसको लेकर चौबीस अगस्त को भाजयुमो के द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे हैं। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर पोस्टर अभियान चलाते हुए कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किए। इस अवसर पर भाजयुमो के जिला महामंत्री आलोक पटेल, कोषाध्यक्ष लोकेश साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्रा, पार्षद रवि गुप्ता,पूरन सरल, दिनेश बरेठ, शैलेन्द्र बंजारे, श्याम पटेल, डैनी वैष्णव,निलेश सिदार के साथ साथ बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिजली के महत्व एवं उपयोगिता व संरक्षण विषय पर दी गयी जानकारी

कोरिया/नवप्रदेश। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य, पावर 2047 बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत की अध्यक्ष रेणुका सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यापर्ण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेणुका सिंह ने अपने उद्बोधन में बिजली के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बिजली के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बिजली संरक्षण करें और इसके दुरुपयोग से बचें। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भी लोगों से बिजली संरक्षण की अपील की।

इस दौरान चलचित्र के माध्यम से आजादी के बाद से अब तक बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण, परिवर्तन और नवीनीकरण का प्रदर्शन किया गया। बिजली के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी के साथ विद्युत क्षेत्र के उपलब्धियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के 5द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिजली उपयोगिता एवं संरक्षण विषय पर प्रस्तुति दी गई। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सहज हर घर बिजली योजना, सौभाग्य योजना, डीडीयूजीजेवाई योजना के सम्बंध में जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ शासन की मोर बिजली एप, बिजली बिल हाफ योजना के साथ ही क्रेडा विभाग द्वारा जिले में स्थापित सौर संयंत्रों की परियोजनावार जानकारी सहित अन्य योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया।

उपभोक्ताओं ने साझा किए अपने अनुभव

कार्यक्रम में जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित उपभोक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। ग्राम मण्डलपारा के विनोद ने कृषि पम्पों से सिंचाई सुविधाओं, ग्राम कैलाशपुर के श्याम लाल राजवाड़े ने क्रेडा की ओर से प्राप्त 3 एचपी के पम्प द्वारा सिंचाई सुविधाओं के विषय में तथा अन्य उपभोक्ताओं ने भी विभिन्न योजनाओं के द्वारा प्राप्त लाभ पर अपने अनुभव साझा किए।

अलसी, केला, भिंडी और भाजियों के अवशेष से महिलाएं बना रही राखियां

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बहेराडीह के बिहान स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कमल फू ल के डंठल के रेशे से बनाई जा रहीं राखिया जिला पंचायत सीईओ को खूब पसंद आया और इस तरह की राखी को जिला मुख्यालय में शासन के निर्देश पर बनाई गई सी-मार्ट में रखवाने के लिए लिए एनआरएलएम के डीएमएम को निर्देशित किया। समूह की महिलाओँ द्वारा कमल के अलावा अलसी, केला, भिंडी, अमारी भाजी और चेच भाजी के रेशे से निर्मित राखियाँ को देखकर जिला पंचायत सीईओ ने समूह के कार्य की सराहना करते हुढ गौठान में ज्यादा से ज्यादा आय जनक गतिविधियों के संचालन पर जोर दिया। बलौदा ब्लॉक अंतर्गत जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह के मॉडल गौठान के विकास को लेकर स्व सहायता समूह की महिलाओ ने जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्धकी से मुलाकात की। इस दौरान गौठान में संचालित आयजनक गतिविधियों की संचालन की वर्तमान स्थिति के बारे में चर्चा हुई। गंगे मईय्या स्व सहायता समूह द्वारा एफपीओ के डायरेक्टर रामाधार देवांगन, दीनदयाल यादव के मार्गदर्शन पर बनाई जा रहीं कमल फू ल के डंठल के अलावा अलसी, केला, भिंडी, अमारी और चेच भाजी के रेशे की राखियां को जिला पंचायत सीईओ ने खूब पसंद किया। और सी-मार्ट में तत्काल भिजवाने की सलाह दी। राखियां के साथ साथ इससे बनाई गई कपड़ा, बैग को भी रखने की बात कहीं। इसी तरह एफ पीओ के अध्यक्ष श्यामलाल राठौर से चर्चा करते हुए चावल आटा व अन्य उत्पाद को रखे जाने की स्वीकृति जिला पंचायत सीईओ ने देते हुये मॉडल गौठान और किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण में आने का आश्वासन दिया।

सीईओ ने ली गौठान की जानकारी

पखवाड़ेभर पहले कलेक्टर के निर्देश पर बलौदा ब्लॉक अंतर्गत जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह के मॉडल गौठान में संचालित आयजनक गतिविधियों का निरिक्षण करने जिला पंचायत एनआरएलएम के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे पहुचे थे। निरिक्षण के दौरान खुले में बड़े पैमाने पर रखी गई गोबर और वर्मीटेंक पर केंचुआ नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव जमुना सिंह नेताम को निर्देशित किया कि पोल्ट्री शेड में मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद और पोषण बाड़ी को व्यवस्थित करने, गौठान ने स्वीकृति सभी कार्य समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय।निर्देष देते अधिकारी

22 पेटी अवैध शराब के साथ कांग्रेसी पार्षद गिरफ्तार

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। अवैध शराब तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए डभरा पुलिस ने नगर पंचायत नगर पंचायत चंद्रपुर के कांग्रेसी पार्षद को 22 पेटी अवैध शराब के साथ रंग हाथ गिरफ्तार किया है। थाना डभरा क्षेत्र मे अवैध शराब जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही करने का दिशा निर्देश के तारतम्य में 31 जुलाई को मुखबिर कि सूचना पर ग्राम कोटमी में बघौद रोड़ थाना डभरा में 02 आरोपियों को क्यूड कार क्रमांक में आरोपियों के द्वारा अपने कब्जे में रख कर बिक्री करने हेतू परिवहन कर रहा था मुखवीर सूचना प्राप्त होने पर मौके पर हमराह स्टाप के पहुंचकर शराब रेड कार्यावाही कर उक्त देशी प्लेन मदिरा व विदेशी शराब कुल 213.48 लीटर शराब जुमला कीमती 1 लाख 10 हजार 880 रुपए को जब्त कर आरोपी नगर पंचायत चंद्रपुर के वार्ड नंबर 12 के कांग्रेस पार्षद दुर्गेश यादव उर्फ पिन्टू पिता स्व0 सुर्दशन यादव 29 वर्ष एवं फ ागुलाल निषाद पिता अनुज राम निषाद उम्र 29 वर्ष सा. वार्ड न. 10 थाना चन्द्रपुर के कब्जे से जप्त किया गया एंव आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2),59 (ए) का घटित करना पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपियों को 31 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

अवैध रेत उत्खनन में 7 ट्रेक्टर ज़ब्त

कोरबा/नवप्रदेश।।पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा अवैध डीजल सट्टा कबाड़ कोयला एवं रेत के तस्करो के उपर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये मुहिम के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा तथा नगर पुलिस महोदय दर्री सु लितेश सिंह के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमुण्डा नवीन कुमार देवांगन के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला के द्वारा दिनांक 30/07/2022 को दौरान पेट्रोलिंग के अहिरन नदी के पास ट्रैक्टर क्रमांक 1, सोल्ड 2, सीजी 12 बी एएक्स 6550 /3 सीजी 12 बीएफ 7057/4- सीजी 12 एएक्स, 6134/5- सीजी 12 बीबी-4884 मय ट्रॉली सभी मे रेत लोड हालत में पाया गया।

192 प्रतिबंधित कैप्सूल एवं 15 नशीले इंजेक्शन जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के निर्देश पर कोरबा जिले में ऑपरेशन निजात अभियान चलाने की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों का मीटिंग लेकर प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की बिक्री न करने की समझाइश दी गई है एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । साथ ही अवैध नशे के कारोबार में लगे अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह से मिले निर्देश के अनुपालन में पुलिस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के पर्यवेक्षण में कोरबा जिले में अवैध नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में रामपुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू को सूचना मिला की पोड़ीबहार निवासी चेतन कश्यप अपने घर में भारी मात्रा में नशीली टेबलेट एवं इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर चेतन कश्यप के घर पर जाकर दबिश दी गई, जिसके पास से 18 स्ट्रिप में स्पास्मो प्रॉक्सीवोन नामक टेबलेट कुल 144 नग, 6 स्ट्रिप में पाइवोन स्पास प्लस 48 नग कुल 192 नग टेबलेट एवं पेंटाजोसिन इंजेक्शन 15 नग बरामद हुआ। जिसे विधिवत कार्यवाही कर धारा 22 बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालको महिला मंडल ने धूमधाम से आयोजित किया तीज महोत्सव

कोरबा/नवप्रदेश। बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा कलेक्टर संजीव कुमार झा की धर्मपत्नी रंजना झा और कोरबा पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी वंदना सिंह थीं। झा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल उपाध्यक्ष संगीता शर्मा एवं सदस्याओं की खूब प्रशंसा की।

बालको महिला मंडल उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने अतिथियों की अगवानी की। संगीता और सोनिया गुप्ता ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। झा और सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अतिथियों ने झूला झूलने का आनंद उठाया। संगीता शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बालको महिला मंडल के विभिन्न सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महिला मंडल समय-समय पर महिलाओं और बच्चों के प्रतिभा विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करता है। बालकोनगर क्षेत्र के सांस्कृतिक उत्थान में महिला मंडल का महत्वपूर्ण योगदान है।

रंजना झा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन अत्यंत मनोरंजक रहा। उन्होंने कहा कि बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। वही सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालको महिला मंडल की सदस्याओं ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सावन क्वीन का चयन प्रमुख आकर्षण . सावन क्वीन का चयन अनेक चरणों में किया गया। प्रथम चरण में कैटवॉक का आयोजन किया गया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की वेशभूषा, श्रृंगार, प्रस्तुति आदि के आधार पर अंक दिए। बाह्य सुंदरता और प्रतिभा के मेल से व्यक्तित्व निखर उठता है, इस भावना से दूसरे चरण में प्रतिभागियों की प्रतिभा परखी गई। प्रत्येक प्रतिभागी को एक मिनट में विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति के अवसर दिए गए।

प्रतिभागियों ने केश सज्जा, नृत्य, मेहंदी, ड्रॉइंग, रंगोली, गायन आदि की प्रस्तुति दी। तीसरे चरण में प्रतिभागियों की वाक पटुता और सूझबूझ को परखा गया। निर्णायक मंडल ने एक ही सवाल सभी प्रतिभागियों से पूछे। प्रतिभागियों के उत्तर के आधार पर उन्हें अंक दिए गए। सावन क्वीन के लिए तीन प्रतिभागियों जिसमें प्रथम शिपी अग्रवाल, द्वितीय ममता कटकवार और तृतीय स्थान के लिए सीमा साहू को विजेताओं को चुना गया।

आशा द होप ने मनाया सावन उत्सव, नैंसी ने जीता सावन सुंदरी का खिताब

सूरजपुर/नवप्रदेश। आशा द होप द्वारा सावन उत्सव शनिवार को सेवा कुंज में मनाया गया। जिसमें 20 प्रतियोगी ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें से मिसेज नैंसी गुप्ता ने सावन सुंदरी का खिताब जीता साथ ही पल्लवी गुड़िया मीस सूरजपुर बनी। कार्यक्रम में लता गोयल और रेखा गोयल को मुख्य अतिथि के रूप पर मंचासीन किया गया। सावन महोत्सव में सामूहिक ओपन होजी गेम का आयोजन किया गया था। विभिन्न संगठन संस्था से आए अध्यक्ष जैसे अग्रवाल महिला मंडल से बीजिया अग्रवाल, संस्कृति शाखा से सपना अग्रवाल, महिला सम्मेलन से ममता अग्रवाल, भैयाथान महिला मंडल से रितु बंसल कार्यक्रम में उपस्थित थे। आशा द होप की तरफ से श्रीफल एवं बुके देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य अध्यक्ष मीना राजेंद्रन, कोषाध्यक्ष किरण मोंगिया, सह सचिव संतोष यादव, कविता पांडे, कुसुम जैन, मंजू ठाकुर, गीता उपाध्याय, ममता अग्रवाल, शांता दोषी, सुमन वर्मा, अरुणा शर्मा, सुरजा जैन आदि उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष...

विधिक शिक्षा के विकास ...

संबोधित करते हुए सीजेआई श्री रमणा ने छात्रों से कहा कि आप सभी के पास एक विजन होना चाहिए और उसे पाने के लिए आप सभी के भीतर जोश और जज्बा होना चाहिए। सीजेआई श्री रमणा ने छात्रों से कहा कि आप सभी इस देश के लिए अनमोल हैं और हम सभी को टेलेन्डेट माइन्ड्स को सही दिशा में ले जाने की जरूरत है। रायपुर के हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की तारीफ करते हुए सीजेआई एनवी रमणा ने कहा कि इसका नाम एक महान विधिवेत्ता के नाम पर रखा गया है जिन्होंने अपना पूरा जीवन विधि के नाम पर समर्पित कर दिया था। सीजेआई श्री रमणा ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ज्ञान और सूचना सबसे बड़े धरोहर हैं और इनका सही उपयोग करके ही हमें विकसित होते जाना है।

बीएसपी व आंध्रा के चीफ जस्टिस भी हुए शामिल : दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर ने की। दीक्षांत समारोह में उच्चतम न्यायालय की न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना भी मौजूद थीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस तथा हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति अरूप कुमार गोस्वामी और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस प्रशांत मिश्रा भी उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के विधि मंत्री मोहम्मद अकबर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के मंत्री डा प्रेमसाय सिंह टेकाम भी दीक्षांत समारोह में उपस्थित थे।

बिजली कंपनियों के...

अधिक बिजली बर्बाद कर रहे हैं और इसके कारण हमें अपनी जरूरत से ज्यादा उत्पादन करना पड़ रहा है।

उन्होंने राजनीति में रेवड़ी बांटने की संस्कृति (सब्सिडी कल्चर) के खिलाफभी खूब सुनाया। वह इस महीने दूसरी बार इसके खिलाफ बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने 16 जुलाई को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करते हुए इसके खिलाफ बोला था।। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस चेतावनी को तब और बढ़ा दिया जब मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली बेंच ने इस मुद्दे पर सुझाव दिया कि वित्त आयोग उन राज्यों को धन के प्रवाह को विनियमित करने पर विचार करे जो सब्सिडी दे रहे हैं।

सीजेआई ने कहा, समय के साथ हमारी राजनीति में गंभीर विकृतियां आ गई हैं। राजनीति में लोगों को सच बताने का साहस होना चाहिए। लेकिन कुछ राज्यों में हम मुद्दों को कालीन के नीचे धकेलने की प्रवृत्ति देखते हैं। यह तत्काल तो राजनीतिक रूप से लाभदायक लग सकता है। लेकिन आज की इन चुनौतियों का समाधान नहीं करना हमारे बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर बोझ डालने जैसा है।

जम्मू-कश्मीर में ...

एक संयुक्त चौकी स्थापित की गई थी। उन्होंने कहा, 'जांच के दौरान संयुक्त दल ने लोरिहामा लिंक रोड से हद्दीपोरा की ओर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, जिन्होंने संयुक्त नाका दल को देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।'

श्रीनगर के रंगरेथ के रहने वाले हैं दोनों आतंकी

गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादियों की पहचान तारिक अहमद वानी और इशफाक अहमद वानी के रूप में हुई है, जो श्रीनगर के रंगरेथ के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दहशतगर्दों से पूछताछ की जा रही है। इससे मिली जानकारी के आधार के पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

सेवा सहकारी समिति में धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ का पारम्परिक पर्व हरेली

देवकर/परपोड़ी। ज़िला के परपोड़ी नगर में स्थित सेवा सहकारी कार्यालय में विगत दिनों छत्तीसगढ़ के पारम्परिक हरेली पर्व का त्योहार बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमे समिति के अध्यक्ष विजय दुबे की ओर से कार्यालय में कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कराकर नगरवासियो को पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की गई। वही ततपश्चात समिति के अन्य सदस्यों व कर्मचारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक खेलों का नज़ारा देखने को मिला। जिसमे अध्यक्ष विजय दुबे स्वयं पारम्परिक गेड़ी चढ़कर लोगों को उत्साहित करते दिखाई पड़े। इस दौरान परपोड़ी नगर पंचायत स्थित सेवा सहकारी कार्यालय में सैकड़ो की तादाद में अंचलवर्ती गाँवो के किसान बन्धु शामिल रहे।

एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ खरोरा में बूस्टर डोज कैंप लगाया

खरोरा/नवप्रदेश। एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ मांठ खरोरा में एनएसएस इकाई द्वारा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र खरोरा के सहयोग से एक दिवसीय कोविड बूस्टर डोस कैंप लगाया गया। एनएसएस इकाई के संयोजक डा प्रसन्न शर्मा ने बताया कि इस शिविर में एमिटी यूनिवर्सिटी के स्टाफ, कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य, सुरक्षा कर्मी और निकट ग्राम के नागरिकों के सहित लगभग 150 लोगों को डोज लगाए गए। विश्विद्यालय के प्रो विजय सिंह दाहिमा ने कहा की ऐसे कैंप लगने से विश्वविद्यालय के साथ-साथ निकटवर्ती ग्रामीण अंचल को भी फायदा मिलता है। एनएसएस इकाई द्वारा ऐसे कैंप अतिशीघ्र एमिटी यूनिवर्सिटी में पुनः आयोजित किए जाएंगे।

कमला कॉलेज में पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विगत वर्ष से पीजी डिप्लोमा इन योगा एजूकेशन एंड फिलोसफी में एक वर्ष क कार्स प्रारंभ किया गया है जिन छात्राओं ने किसी भी विषय में स्नात्तक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की है वे इस कोर्स में प्रवेश प्राप्त करने की पात्रता रखती है। प्रवेश हेतु ऑनलाईन फार्म भरने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2022 है। सभी इच्छुक छात्राएँ दुर्ग विश्वविद्यालय के वेबसाई में जाकर अपना फार्म भर सकते हैं।

12वीं में जिले से संचित राठी टॉप



भाटापारा/नवप्रदेश। सीएसईबी 12वीं बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य के भाटापारा सिटी के छात्र संचित राठी ने सम्पूर्ण जिले में टॉप स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, स्कूल व नगर और जिले का गौरव बढ़ाया है। संचित राठी भाटापारा के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी व राठी ट्रेडर्स के संचालक राजेश राठी के सुपुत्र व प्रवीण चन्द्र राठी के भतीजे हैं। उन्होंने 98 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर परीक्षा उतीर्ण की है। संचित की इस सफलता पर परिजनों, विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

ग्राम पंचायत देवरी के गौठान में हरेली त्योहार पूरे उत्साह से मनाया गया : केशरी मोहन

खरोरा /नवप्रदेश। दिनांक 28 जुलाई 2022 को पूरे छत्तीसगढ़ सहित ग्राम पंचायत देवरी से प्रथम छत्तीसगढ़िया त्यौहार हरेली को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष अत्यधिक उत्साह से मनाया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवरी के द्वारा गौठान में पारंपरिक रूप से कृषि औजारों , कृषि यंत्रों एवं गौ माता का पूजा कर आटा से लोंदी खिलाकर हरेली उत्सव का प्रारंभ किया गया जिस पर पारंपरिक रूप से कुर्सी दौड़, नारियल फेक, रस्सी खिंच, जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महिला स्व सहायता समूह एवं छोटे-छोटे बालक बालिकाओं के द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर बड़े ही उत्साह के साथ हरेली का त्यौहार मनाया गया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती केशरी मोहन साहू जिला पंचायत सदस्य, श्रीमान डॉक्टर गोविंद साहू जी जनपद सदस्य ,श्रीमती उषा देवी साहू सरपंच, दिनेश कुमार चंद्राकर, उपसरपंच ,गणपत लाल साहू पूर्व अध्यक्ष गौठान समिति, बी.आर. साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, जितेंद्र निर्मलकर, कमला साहू पूर्णिमा साहू, ललिता साहू, इंद्राणी साहू, (पंचगण) लीला राम , समलिया,सत्यार्थ प्रकाश, भागवत प्रसाद, ओम प्रकाश,थानेश्वर ,नारायण, त्रिलोचन ,मानिकपुरी, जानी चंद्राकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मीनाक्षी ,चुन्नी, ललिता, टुकेश्वरी, गंगा, संतोषी, (मेटगण), स्व सहायता समूह के महिलाएं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हरेली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमान दिनेश कुमार निषाद रोजगार सहायक के द्वारा किया गया।

हरेली पर्व पर मां बंजारी धाम मूरा में पौधारोपण कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

खरोरा /नवप्रदेश। हरेली के लोक पर्व के मौके पर माँ बंजारी *धाम मूरा में पौधारोपण किये गए। इस अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष लकेश्वर कोशले ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और इन्हीं से जीवन के लिए प्राण वायु प्राप्त होती है। वृक्ष प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष लकेश्वर कोशले , मजदूर ब्लाक खरोरा अध्यक्ष रेशम वर्मा , राधेश्याम साहू ,मनीष कोशले , हेमंत साहू ,बरातु यादव , हरीश चतुर्वेदी ,पप्पू साहू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

सड़क, नाली और मंच बनाने महापौर ने किया 86 लाख का भूमिपूजन

- निगम के अंतिम छोर पर विकास
- प्रदेश महामंत्री ने क्षेत्र का किया भ्रमण

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने रविवार को 85 लाख 63 हजार का भूमिपूजन किया। इस राशि से वार्ड क्रमांक 15, 16 व वार्ड क्रमांक 19 व 20 में गली सीमेंटीकरण, नाली और मंच निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन करने के बाद महापौर वार्ड भ्रमण की।

भूमिपूजन करने महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू सुबह आठ बजे सबसे पहले मौहारी भाठा पहुंचे। इसके बाद बीआरपी कालोनी और स्टेशन मरोदा एवं शंकर पारा वार्ड 20 में भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि रिसाली निगम का यह वार्ड श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। यहां सबसे ज्यादा जरूरत सड़क और पानी निकासी के संसाधन की है। यही वजह है कि इन कार्यो को वे प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। कार्यक्रम में महापौर परिषद के सद्स्य गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, विलास राव बोरकर, परमेश्वर कुमार, पार्षद चन्द्रप्रकाश निगम, विनय नेताम, रेखा देवी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी

के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, चन्द्रकांत कोरे व शत्रुहन धनकर आदि उपस्थित थे।

इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन

वार्ड 15 - पात्रो किराना मौहारी भाठा में गली सीमेंटीकरण 8 लाख, प्रमोद होटल के पास गली सीमेंटीकरण 8 लाख, वार्ड 16 - बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा शिव मंदिर जीर्णोद्धार 5 लाख, दयानंद साहू के घर के सामने नाली निर्माण 5 लाख, डॉ. वर्मा के निवास के पास मंच निर्माण 3 लाख, आजाद स्कूल से बच्चामणी के घर तक नाली और चन्द्राकर किराना से संकल्प किराना तक नाली निर्माण कुल 11.88 लाख, राजू साहू सह्यह्यह्यह्ये शुक्ला घर तक नाली निर्माण 3.16 लाख, उत्तम टेलर से आदिवासी कापरेटिव तक सीसी रोड 10.14 लाख, आजाद स्कूल से पीपल पेड़ तक सीसी रोड 5.07 लाख, वार्ड 19 - विजय चैक स्टेशन मरोदा में आरसीसी मंच 4 लाख, पुनित बंजारे घर के पीछे नाली निर्माण 4 लाख, वार्ड 20 - अंबिका टेलर्स के सामने से रामेश्वर शर्मा के घर तक नाली 5.77 लाख, रंजीत मेडिकल से दिलीप पोल्ट्री तक नाली 3 लाख, लक्ष्मी घर से बढ़ई के घर तक नाली 1.61 लाख, शंकर पारा के बसंत राणा घर से कापड़े के घर तक सीसी रोड 4.35 व जुनेश घर से बरगद पेड़ तक सीसी रोड 3.65 लाख के कार्य होंगे।

क्षेत्र का लिया जायजा

भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद महापौर शशि सिन्हा मरोदा और नेवई क्षेत्र का भ्रमण की। उन्होंने सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी के साथ सार्वजनिक स्थानों व नालियों की सफाई बेहतर करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नियमित हो रहा कि नहीं इस बात का सीधे नागरिकों से फीड बैक लेकर निगम के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सृष्टि में निम्मित भाव धारण कर मैं पन के प्रेशर को कम करो, प्रसन्न रहो- ब्रह्माकुमारी गोपी दीदी लंदन

- व्यक्त से अव्यक्त की ओर योग तपस्या कार्यक्रम का समापन

भिलाई/नवप्रदेश प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 स्थित अंतरदिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में चल रहे दो दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम व्यक्त से अव्यक्त की ओर के अंतिम दिन के समापन पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी गोपी दीदी लंदन ने बताया देह की स्मृति से ही हमें चिंता, तनाव भय उत्पन्न होता है । हमें विदेही बन परमात्मा को याद करने का अभ्यास करना है ,यही योग है। अपने को अपसेट नहीं आत्मिक स्थिती में सेट होकर कर्म करो । आपने संस्कार परिवर्तन के बारे में बताते हुए कहा की अलबेलापन

और आलस्य के कारण कल से करेंगे करके टाल देते है, वो कल कभी आता नहीं है। हमारे पुराने संस्कारों को अभी से नये संस्कारो से रिप्लेस कर दो । श्रेष्ट संस्कारों से मन सहित मानव शरीर को बल मिलता है। ईगो और अटेचमेंट भाई बहन है जिसके मिलने से अभिमान शुरू हो जाता है। अभिमान किसी को अच्छा नहीं लगता पर यह रावण का और कलयुगी संस्कार है। अभिमान से टकराव होता है।

राजयोग के अभ्यास से नम्र बनना है, नम्रचित्त बने बिगर ज्ञान जीवन में धारण नहीं हो सकता। राजयोगी माना स्वराज्य अधिकारी बन कर कर्मईन्द्रियों से कर्म करना।

इस सृष्टि में निम्मित भाव धारण कर मै पन के प्रेशर को कम करो, प्रसन्न रहो, प्रसन्नता छायादार वृक्ष के समान सभी को अच्छी लगती है। अफ्रीका के नेरौबी सेवाकेंद्र से आई ब्रह्माकुमारी कानन दीदी ने कहा की स्वमान में रहकर सम्मान देना ये भारत की खूबी है। परमात्मा हमारा आदि मध्य अंत जानता है। इसलिए साक्षी है सदा, हमें भी साक्षी दृष्टा का अभ्यास करना है । हमें हमारी डिक्शनरी से लेकिन, परन्तु, पर चिन्तन, पर दर्शन शब्द समाप्त करने है। न किसी से कम्पेयर न कॉम्पीटिशन न क्रिटिसाइज़ करना है। सारा विश्व एक दुसरे के सहयोग से चलता है। हमें जीवन में निर्माणचित्त,सरल एवं निस्वार्थ प्यार को अपनाना है। आपने दिन में 5 बार मन के संकल्पों की ट्रेफिक कण्ट्रोल करने के लिए मेडिटेशन कराया। भिलाई सेवा केंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने दोनों बहनों का आभार व्यक्त किया जो की प्रथम बार छतीसगढ़ उसमे भी भिलाई आये। इस योग तपस्या कार्यक्रम का सर्व भिलाई सेवा केंद्रो सहित पाटन, जामगांव, नंदनी अहिवारा, डॉन्डीलौहारा, दल्लीही राजहरा, बेमेतरा, उतई, मनेन्द्रगढ़, नवागढ़, बेरला के ब्रह्मा वत्सो ने लाभ लिया।

नपा अध्यक्ष तपन ने संभाली सफाई की कमान

- कर्मचारियों और सहयोगियों के साथ मिलकर लगाई झाड़ू , सड़के हुई चकाचक

कुरुद/नवप्रदेश। ग्रीन कुरुद क्लीन कुरुद का लक्ष्य तय कर जनप्रतिनिधियों ने हरेली में पौधरोपण कर हरियाली की, और अब हाथों में झाड़ू ले सड़कों की सफाई कर स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाया है। शनिवार सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, सभापति मनीष साहू, डुमेश साहू, रोशन जांगडे, मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, विधि प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रमेश पांडे, सीएमओ दीपक खाडे आदि ने हाथों में झाड़ू लेकर कारगिल चौक से नया बस स्टैंड तक करीब एक किलोमीटर तक मुख्य मार्ग में सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया । अध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने बताया कि नगर हमारा है तो इसे साफ और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी हमें ही उठाना पड़ेगा। सभापति मनीष साहू ने बताया कि अब हर शनिवार को नगर में अलग अलग स्थानो पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री खाड़े ने नगरवासियों से अपने घर के आसपास को स्वच्छ रखने एवं सूखा व गीला कचरा को अलग अलग डस्टबिन में डालने का आव्हान किया। स्वच्छता अभियान की इसी कडीं में पार्षद उत्तम साहू, जीवन दीप समिति के टुकेश साहू, संतोष प्रजापति,शाला समिति अध्यक्ष अशोक साहू भी भागीदार रहे।

सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का मेयर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर विकास की कड़ी में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में महापौर हेमा देशमुख ने ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 में महापौर निधि अंतर्गत 3 लाख की लागत से हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड़कर किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, संतोष पल्ले, भागचंद साहू, राजेश गुप्ता चम्पू, गणेश पवार, वार्ड नं. 16 के पार्षद टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जिला योजना समिति के सदस्य अमीन हुड्डा, पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुरहाटे व दीनू साहू एवं मंदिर के पुजारी ऋषु तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा हनुमान मंदिर में शिवलिंग में जल चढ़ाकर पूजा अर्चना की तथा हनुमान जी व भोलेनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात वार्ड के भावेश गुप्ता, राजा तिवारी, अमित सोनी, श्रीमती ज्योति तिवारी, तुलोचना मारकंडे, तुलसी साहू द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। स्वागत तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। मेयर ने कहा कि नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण, उद्यान निर्माण कार्यो के लिये शासन द्वारा स्वीकृत राशि से सभी वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कड़ी में महापौर निधि अंतर्गत वार्ड नं. 16 में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जायेगा।

सीसीएम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज से

- सीसीएम में लक्षणों के आधार पर ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच की जा रही है ताकि शुरूवाती दौर में भी उससे संरक्षण किया जा सके

दुर्ग/नवप्रदेश। चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, दुर्ग में आगामी 1 अगस्त को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मधुमेह (डाइबिटीज) एवं उच्च रक्तचाप (ब्लडप्रेशर) की जाँच की जायेगी जिसमें पुराने मरीजों की जॉच के अलावा नये मरीजों को शुरूवाती लक्षणों के साथ ही खोजा जा सकेगा जिससे मरीज इन रोगो की विभीषिका से बच सकें।

चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी. के. पात्रा एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर के मार्गदर्शन में इस निशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाई ब्लड प्रेशर एवं शुगर (डाइबिटीज) आज के तनाव व दौड़ भाग भरे जीवन के पर्याप्य बन चुके हैं और शुरूवात में काफी समय तक इन दोनों बिमारियों के लगभग कोई भी लक्षण दिखाई नहीं देते पर जब इनके दुष्प्रभाव से मरीज हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक से लकवे का शिकार होते हैं तो उनकी जीवन क्षमता लगभग आधी हो जाती है या वे दैनिक

दिनचर्या तक कर पाने के लायक भी नहीं रह पाते है व समाज के लिए लगभग अनुपयोगी हो जाते है। पैथालॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जयंती चन्द्राकर एवं माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति हिवाले ने बताया कि उस शिविर में मरीजों का निशुल्क ब्लड शुगर टेस्ट किया जा सकेगा व ब्लड प्रेशर की जाँच की जा सकेगी, वही मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. सृजन काजा एवं फिजियोलॉजी विभाग से डॉ. अंशुल सिंघवी मधुमेह से संबंधित रोगियों का परीक्षण एवं परामर्श देगें व ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह के कारण आँखों में होने वाली व्याधियों की जॉच नेत्ररोग तज्ञ डॉ. लिपि चक्रवर्ती एवं डॉ. विनम्रता शुक्ला करेंगी और परामर्श देगीं। भविष्य में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, दुर्ग में अंचल के रोगियों के लिये हड्डी रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग इत्यादी विभागों के भी निशुल्क कैंप लगाये जायेंगे।

जिससे रोगियों की देखभाल की जा सके व परामर्श उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर ने किया नवनिर्मित कॉलेज का निरीक्षण

खरोरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत खरोरा में नवनिर्मित कॉलेज भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों 2 अगस्त को होना है जिसे लेकर रायपुर कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने नवनिर्मित कॉलेज भवन का निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश जारी किए इस मौके पर कलेक्टर ने बताया कि कॉलेज के लोकार्पण के साथ ही कॉलेज भवन मैं कक्षाएं लगने की शुरुआत भी होगी कलेक्टर के साथ एसपी रायपुर प्रशांत अग्रवाल व अन्य विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित थे वही उनके साथ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन नगर पंचायत अध्यक्ष सीएमओ व सभी पार्षद गण उपस्थित थे बता दें कि कॉलेज का नामकरण नगर खरोरा के मालगुजार स्वर्गीय राम प्रसाद देवांगन के नाम पर किया जा चुका है जोकि खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन के पिता है।

हर घर जल उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

खरोरा /नवप्रदेश। ग्राम पंचायत धनसुली में हर घर जल उत्सव से तहत नल से जल व जल जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही आगामी समय में जल स्रोतों के रख रखाव व संचालन की जिम्मेदारी ग्राम जल स्वच्छता समिति की होगी ।इसके लिए उन्हें तैयार किया जा रहा है।साथ ही जल जीवन मिशन के तहत उनके उद्देश्यों एवम् भूमिका के बारे में जानकारी दिया गया।नारी शक्ति क्लस्टर संगठन बेलदार सिवनी के जल जीवन मिशन के द्वारा गांव में जाकर नुक्कड़ नाटक, मेंहदी,रंगोली, रैली,चित्रकला का आयोजन के माध्यम से हर एक व्यक्ति को जल संरक्षण ,जल का उचित उपयोग,जल बचाव का संदेश ग्रामवासियों को दिया जा रहा है। साथ ही जल जीवन मिशन की टीम द्वारा बताया जा रहा है की आज के समय में भूजल स्तर को बनाए रखने की बहुत आवश्यकता है।दिन प्रतिदिन भूजल का स्तर घटते जा रहा है।आने वाले समय में जल संकट की भयानक स्थिति हो सकती है। इस दौरान सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, समूह की महिला ,ग्रामीण एवम् जल जीवन मिशन की टीम लीडर कलेन्द्री वर्मा ,समन्वयक माधुरी, झामीन, प्रियंका ,पुष्पा, सभी के द्वारा गांव के हर लोगों तक सरकार की योजना जल जीवन मिशन की जानकारी देने की सफल प्रयास की जा रही है।

शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान अवश्य कराने पर जोर

ये मौका छूटे ना : विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक होंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार से जिले भर में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान धात्री माहिलाओं को स्तनपान कराने से होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ की जानकारी दी जाएगी तथा उचित पोषण आहार व स्वच्छता के प्रति भी उन्हें जागरुक भी किया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए आयोजित किए जाएंगे।

शिशुओं को स्तनपान कराने के प्रति समाज में जागरुकता लाने तथा इस विषय में व्याप्त विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने के लिए हर

साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस बार विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम ये मौका छूटे ना रखी गई है। इस थीम के साथ जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर कार्यशाला, प्रदर्शनी, फिल्म शो, प्रश्नोत्तरी व परिचर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले के साथ जनप्रतिनिधि सहित महिला समूहों तथा अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल किया जाएगा। आंगनवाड़ी और ग्राम स्तर पर नारे लेखन, वॉल रायटिंग, पोस्टर-बैनर के माध्यम से स्तनपान से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। स्तनपान सप्ताह के सुचारू संचालन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया: विश्व स्तनपान सप्ताह की सार्थकता के लिए विशेष रूप से जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में अस्थाई ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर बनाए गए हैं, जहां पर शिशुवती माताओं को स्तनपान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा शिविर के माध्यम से भी शिशुवती माताओं को स्तनपान के विषय में जागरुक करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं को स्तनपान कराने के तरीके सिखाएंगी।

मां का दूध सर्वोत्तम पौष्टिक आहार

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम ने बताया: विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य प्रसूता व शिशु के मध्य स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है। प्रसव के तुरंत बाद एक घंटे के भीतर शिशु को मां के स्तनपान से मिलने वाला गाढ़ा दूध शिशु के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होता है, इसीलिए शिशु को स्तनपान अवश्य कराना चाहिए। मां के दूध से बच्चे को रोगों से लड़ने की शक्ति मिलती है। इसीलिए 6 महीने तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराना चाहिए। इसके बाद स्तनपान कराने के साथ.साथ ऊपरी पौष्टिक पूरक आहार भी देना चाहिए।

सुपोषण की स्थिति में अब काफी सुधार

दुर्ग जिले में सुपोषण अभियान के अंतर्गत किए गए प्रयासों का बेहतर परिणाम आया है। एनएफएचएस-4 के आंकड़ों के अनुसार जहां जिले में 36 प्रतिशत बच्चे कम वजन के थे, वहीं एनएफएचएस-5 के आंकड़ों में अब यह दर घटकर 27 प्रतिशत ही रह गई है, यानि पहले के मुकाबले 9 प्रतिशत बच्चे सामान्य वजन की श्रेणी में पहुंच गए हैं जो कि सुखद है।

दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर दृष्टिहीन छात्रा बनी हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की टॉपर

मंजिल पाने लगा दी पूरी जान

अपने मंजिल को पाने मे यवनिका ने अपनी पूरी जान लगा दी और आखिरकार वो इसमें कामयाब भी हुईं। इतना ही नहीं यवनिका ने खुद के लिए नई मंजिल तय की है और इसे पाने के लिए वो नेशनल ला कालेज बंगलौर में एलएलएम कोर्स में एडमिशन लेकर पढ़ाई भी कर रही हैं। यवनिका का कहना है कि रायपुर की पांच साल की जर्नी में कालेज, फैकल्टी और साथी स्टूडेंट्स ने उसका बहुत सपोर्ट किया जिसके लिए वो हमेशा उनका आभारी रहेगी।

सुको के चीफ जस्टिस ने बढ़ाया हौसला

यवनिका का कहना है कि माता पिता धरती पर भगवान का रूप हैं और उनका आशीर्वाद है तो जीवन में किसी भी लक्ष्य को पाना नामुमकिन नहीं है। यवनिका ने हमेशा ही अपनी मेहनत और काबीलियत पर भरोसा रखा और अपने लक्ष्य को हासिल किया। यवनिका के जुझारू पन के सम्मान में उसे गोल्ड मेडल देते वक्त जीफ जस्टिस एनवी रमणा तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी अतिथि अपनी जगह पर खड़े होकर उनका उत्साह बढ़ाया।

■ बेटी की पढ़ाई के लिए मां ने छोड़ दी थी अपनी नौकरी

रायपुर/नवप्रदेश। मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ये कविता हम हमेशा ही सुनते आए हैं, लेकिन इसे चरितार्थ करके दिखाया है दिल्ली की रहने वाली एक दृष्टिहीन छात्रा यवनिका ने। यवनिका रायपुर के हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से बीएएलएलबी (आनर्स) 2021 बैच की टापर हैं और इन्होंने प्रोफेशनल एथिक्स में गोल्ड मेडल हासिल किया है। यवनिका को ये गोल्ड मेडल यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में चीफ जस्टिस आफ इंडिया की मौजूदगी में प्रदान किया गया। यवनिका दृष्टिहीन छात्रा हैं, लेकिन उन्होंने इसे कभी भी अपनी कमजोरी नहीं समझा, बल्कि उनके हौसले उन्हें उड़ान भरने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे। दिल्ली की रहने वाली यवनिका के पिता भारतीय रेल सेवा में अधिकारी हैं तथा मां स्पेशल एजुकेटर के तौर पर काम कर रही थीं। यवनिका ने फैसला लिया कि वो लॉ की पढ़ाई करेंगी। यवनिका ने रायपुर के हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया। यवनिका को कोई परेशानी ना हो इसके लिए उनकी मां ने अपनी नौकरी छोड़ दी और यवनिका के साथ ही रायपुर में पांच वर्ष तक रहीं।

सात किमी चलकर कांवड़ियों ने महाकाल का किया जलाभिषेक

कांकेर/नवप्रदेश। विगत दो साल से कोरोना की त्रासदी के चलते सभी समुदाय के लोगों के त्यौहार फीके पड़ गए थे। करीब दो साल बाद त्यौहारों में रौनक लौट आई है। हर वर्ष शिव मंदिर समिति प्रमुखों द्वारा ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर से त्रिवेणी संगम सरंगपाल जिसकी कुल दूरी करीब सात किलोमीटर है। भगवान भोलेनाथ के शिवभक्त सात किलोमीटर पैदल दूरी तय कर भक्ति का उदाहरण पेश करते हैं। ऊपर नीचे रोड स्थित भगवान भोलेनाथ के शिव मंदिर से विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों से भगवान भोलेनाथ के भक्त कावड़ यात्रा में शामिल होते हैं। रविवार सुबह आठ बजे ऊपर नीचे रोड स्थित शिव मंदिर से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई जो ऊपर नीचे रोड से होते पेट्रोल पंप चौक मस्जिद चौक पुराना बस स्टैंड एमजी रोड नया बस स्टैंड ज्ञानी चौक से होते हुए बरदेभाठा चौक से होता सीधे त्रिवेणी संगम सरंगपाल नदी से जल लेकर वापस ऊपर नीचे रोड स्थित शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। बता दें कि पवित्र सावन मास को सरंगपाल महानदी से जल लेकर भव्य कावड़ यात्रा सरंगपाल से मुख्यमार्ग होते हुए ऐतिहासिक ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर मे कावड़ियों के द्वारा जलाभिषेक किया गया। कावड़ यात्रा मे कांकेर के गणमान्य नागरिकों के साथ साथ महिलाएं बच्चे के अलावा कांकेर सांसद मोहन मंडावी, कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी, नपा अध्यक्ष सरोज जितेंद्र ठाकुर, शिव मंदिर समिति के अरुण कौशिक, चिंटू ठाकुर, आनंद चौरसिया, दिलीप जायसवाल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

2 साल बाद निकली यात्रा में दिखा उत्साह, जगह-जगह हुआ स्वागत

बरसाए फूल तो कहीं स्वल्पाहार से स्वागत

भव्य कांवड़ यात्रा का शहर से लेकर गांव तक लोगों ने अपनी आस्था को लेकर विशाल कावड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों का फूल बरसाकर तो कहीं फल, बिस्किट, मीठा पानी, शरबत से स्वागत किया गया। इस दौरान भव्य कांवड़ यात्रा में चल रहे नन्हें बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

देवांगन समाज ने किया आत्मीय स्वागत

देवांगन समाज के द्वारा शिवभक्तों का सरंगपाल मेन चौक पर भक्तों को केला, पानी, बिस्किट देकर शिवभक्तों का स्वागत किया गया। इस दौरान देवांगन समाज प्रमुख उमेश कुमार देवांगन, कमलेश देवांगन, खम्मन देवांगन, अनिल देवांगन, मोहरधन देवांगन, रवि देवांगन, महानगुरुम देवांगन, डोमन देवांगन, चेतन देवांगन, राकेश देवांगन, गोलू देवांगन सहित बड़ी संख्या में देवांगन समाज के लोग शामिल हुए।

युवक ने रोकने का कारण पूछा तो आग बबूला हो गए एसआई, जमकर की पिटाई

■ रामानुजगंज थाना क्षेत्र का मामला, एसपी ने कहा-जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

रामानुजगंज/नवप्रदेश। एसआई ने एक युवक को घसीट-घसीट कर लहुलूहान होने तक जमकर पिटाई कर दी। युवक की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने सब इंस्पेक्टर ने रोकने का कारण पूछा। फिर क्या एसआई आग बबूला हो गए और जमीन पर पटक - पटक कर ठुकाई की। मामला बलरामपुर - रामानुजगंज जिले के रामानुजगंज थाना क्षेत्र का है। एसआई की इस क्रूरता का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को रामानुजगंज एवं झारखंड के गोदरमाना में भी साप्ताहिक बाजार लगता है। एनीकट के नजदीक ही गोदरमाना में साप्ताहिक बाजार लगता है। यहां सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। बरसात के समय में एनीकट का गेट बंद कर दिया जाता है, लेकिन इस बार वर्षा नहीं होने कारण एनीकट के ऊपर से पानी नहीं जा रहा है। इससे लोग आना-जाना कर रहे थे। आज शाम करीब 4 बजे रामानुजगंज थाने में पदस्थ एएसआई टिकेश्वर यादव द्वारा लोगों को एनीकट के रास्ते में जाने से रोकने लगे। इस दौरान लोगों की भीड़ बढ़ गई। इस दौरान एक युवक ने एएसआई को रोकने का कारण पूछा तो सहायक उप निरीक्षक टिकेश्वर यादव को नागवार गुजरा। उन्होंने भीड़ के बीच से युवक को खींच कर पहले जमीन पर पटका उसके बाद पैरों से मारते हुए लगभग 50 मीटर घसीटते हुए ले गए। एएसआई की पिटाई से युवक लहुलूहान हो गया। इसके बाद एक कांस्टेबल की मदद से उसे बाइक में बैठा कर थाने ले गए। चंद मिनट में एएसआई की यह करतूत सोशल मीडिया में वायरल हो गया। स्थानीय मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि वीडियो मिला है, पूरे मामले की रिपोर्ट मंगवाई गई है, जांच के बाद कार्रवाई होगी।

तीन जिलों को सूखा घोषित करने की मांग, विधायकों ने सीएम को लिखा पत्र

■ तीनों जिलों में 65 प्रतिशत से कम बारिश, फसलों का मुआवजा देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग के तीन जिलों सूखा घोषित कर राहत कार्य शुरू करने और फसलों का मुआवजा देने की मांग क्षेत्रीय विधायकों ने की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर सरगुजा, जशपुर और बलरामपुर-रामानुजगंज जिले को सूखा प्रभावित घोषित करने की मांग की है। रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। इस पत्र पर जशपुर जिले के कुनकुरी विधायक यूडी मिंज और कोरिया जिले के भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो के भी हस्ताक्षर हैं। इस पत्र में कहा गया है, 30 जुलाई तक सरगुजा संभाग के तीन जिलों बलरामपुर, जशपुर और अंबिकापुर में औसतन 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। किसानों की फसल खेतों में ही सूख चुकी है। गांवों में किसानों-मजदूरों के लिए किसी मद में कोई काम संचालित नहीं हो रहा है। रोजगार गारंटी का भी काम नहीं चल रहा है। विधायकों ने तीनों जिलों को सूखा प्रभावित घोषित कर फसलों का मुआवजा देने की मांग की है। उनकी मांग है कि गांवों में रोजगार पैदा करने वाले और राहत पहुंचाने वाले काम भी शुरू कराए जाएं।

यहां 65 प्रतिशत तक कम हुई है बरसात

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक एक जून से 31 जुलाई तक छत्तीसगढ़ में 579.2 मिलीमीटर तक बरसात हो चुकी है। यह सामान्य औसत 569 मिमी से 2% अधिक है। इस बीच सरगुजा संभाग के तीन जिले सबसे सूखे रह गए हैं। अंबिकापुर में सामान्य औसत बरसात 645.9 मिमी से 65% कम पानी गिरा है। वहां इन दो महीनों में केवल 229.2 मिमी पानी गिरा है। जशपुर में 275.8 और बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 207.4 मिमी पानी ही बरसा है। यह सामान्य से 63 प्रश कम है।

जिस युवक की खोजबीन महानदी में हो रही थी वह ओड़िशा में रिश्तेदार के यहां मिला

■ 3 दिन पहले महानदी में बह जाने की खबर पर गोताखारों की टीम कर रही थी तलाश

जांजगीर-चांपा। 29 जुलाई की सुबह लगभग 7 बजे शबरी सेतु से मछली को दाना खिलाते समय विनय अग्रवाल नामक व्यक्ति के पुल से नदी में गिर जाने की खबर नगर में फैल गयी। उसके बाद लोग नदी किनारे पहुंचने लगे और लोगों की भीड़ बढ़ती गई। इसकी सूचना पाकर घटना स्थल पर स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए। अधिकारियों ने नदी में युवक की तलाशी के निर्देश दिए और पुलिस ने गोताखोर और बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम को भी बुला लिया जो मोटरवोट में सुबह से शाम तक नदी में युवक की तलाश करते रहे लेकिन उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी। जिससे सब मायूस और परेशान नजर आए। नगर में भी गमगीन माहौल रहा, लेकिन रविवार सुबह विनय अग्रवाल के कुछ रिश्तेदारों ने सोशल मीडिया में विनय अग्रवाल को भुनेश्वर (ओड़िशा) में सकुशल होने की जानकारी दी। इसे लेकर अब तरह-तरह के सवाल लोगों के जेहन में उठ रहा है। जब विनय अग्रवाल नदी में नहीं गिरा था तो उनके पुल से नदी में गिरने की झूठी खबर किसने फैलायी? विनय जिस मोटरसायल को पुल में लेकर गया था, उसे उसने पुल किनारे लिटाकर बाइक में लगी चाबी सहित बाइक छोड़ कर क्यों भागा। विनय पूरे दिन अपने मोबाईल से परिवार वालों से सम्पर्क कर पुल में मोटरसायकल छोड़ने की जानकारी क्यों नहीं दी? इस हरकत के पीछे क्या कोई माफिया का हाथ है? अथवा कोई बहुत बड़ा रहस्य छिपा हुआ है? आदि कई सवाल है जिसका जवाब केवल विनय अग्रवाल ही दे सकता है। अब पुलिस को विनय के शिवनारायण वापस आने का इंतजार है। उसके आने के बाद ही इस घटना के रहस्य से पर्दा उठ सकता है।

प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा बीजापुर में तो सबसे कम बलरामपुर जिले में

रायपुर। एक जून से अब तक राज्य में 559.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1427.7 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 209.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सरगुजा में 224.0 मिमी, सूरजपुर में 294.1 मिमी, जशपुर में 281.8 मिमी, कोरिया में 325.8 मिमी, रायपुर में 370.5 मिमी, बलौदाबाजार में 542.9 मिमी, गरियाबंद में 640.4 मिमी, महासमुंद में 564.5 मिमी, धमतरी में 667.2 मिमी, बिलासपुर में 605.0 मिमी, मुंगेली में 619.1 मिमी, रायगढ़ में 524.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 664.4 मिमी, कोरबा में 434.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 536.1 मिमी वर्षा दर्ज किया गया। दुर्ग में 508.8 मिमी, कबीरधाम में 547.5 मिमी, राजनांदगांव में 596.1 मिमी, बालोद में 683.7 मिमी, बेमेतरा में 385.5 मिमी, बस्तर में 707.8 मिमी, कोण्डागांव में 642.0 मिमी, कांकेर में 770.6 मिमी, नारायणपुर में 590.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 744.0 मिमी और सुकमा में 544.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का विधि विधायी मंत्री अकबर ने किया स्वागत

रायपुर। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमणा 30 जुलाई की रात्रि को छत्तीसगढ़ के प्रवास पर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचे। विमानतल पर प्रदेश के विधि विधायी कार्य मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ शासन की ओर से उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमणा का बुके भेंटकर हार्दिक स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमणा हिदायतुल्लाह विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने रायपुर पहुंचे थे।

सफलता के सूत्र:- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) and 12B]
जैतूसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबद्ध
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
प्रवेश प्रारंभ
BA(JMC) | BCA | B.Com | BBA | PGDCA | B.Com Computer | PGDJ | PGD in YOGA | DCA | MSW | M.Com
WIFI CAMPUS | E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS | SEMINAR & WORK SHOPS | PDP & ENGLISH CLASSES

सर्वे भवन्तु सुखिन:
₹ महा समृद्धि
अपने नाम (Name) और शरीर (Body) की ऊर्जा शक्ति से स्वास्थ्य एवं धन लाभ प्राप्त कीजिए
Human Engineering की वैज्ञानिक तकनीक अपनायें
RMA System
"जब हम पेपर या नोट (रुपया)/ प्लास्टिक कार्ड को दोनों हथेलियों के बीच रखकर चार्ज करते हैं पर्सनलाइज्ड (Personalized) करते हैं तो सभी प्रकार के आर्थिक लाभ एवं प्रगति मिलती है, अनुभव लीजिए"
संचालिका VAISHALII टेक्नीक ट्रेनर
भारत में 36 लाख लोग लाभान्वित
आज ट्रेनिंग लीजिए, 30 दिन बाद फिडबैक दीजिए
संपर्क सहयोग online Registration/ Consultancy/ Training/ Workshop
KAASHVI MEGA RICH SUCCESS
ALOK PRINTERS, KARMA VIDYALAYA, Supela, Bhilai (CG)
Bhilai Head Office Contact : 0788-4910940
Contact : 93036-76651, 73894-86802
Website : https://www.kashvimega.com, Email: kashvimegarichsuccess@gmail.com
Since 2007 BHILAI, DURG, RAIPUR, AMERICA, NAGPUR, MUMBAI, BHOPAL, INDORE, JABALPUR